संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -237 गुरूवार ,29 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# भीम आर्मी चीफ पर हमलावरों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग



## हमलावरों ने कार से चलाई गई गोलियां

**सहारनपुर,28 जून 2023(ए)।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में भीम आर्मी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पर जानलेवा हमले की सूचना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कार से आए अज्ञात बदमाशों ने गोलियां बरसाई हैं। खबरों के अनुसार, कमर में गोली के छर्रे लगे हैं। हरियाणा में पंजीकरण वाली कार से आए हमलावरों ने चंद्रशेखर पर फायरिंग की है। फायरिंग में कार के शीशे भी टूटे हैं।

### बहुजन मूवमेंट को रोकने का कृत्य

आजाद समाज पार्टी ने ट्वीट कर लिखा, सहारनपुर के देवबंद में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद पर जानलेवा हमला बहुजन मिशन मूवमेंट को रोकने का कायराना कृत्य है! आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी , सख्त कार्रवाई और राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा की मांग करते हैं!

### पुलिस का बयान-हथियारबंद लोगों ने की फायरिंग

रिपोर्ट के अनुसार, हथियारबंद लोगों ने सहारनपुर में हमला किया। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने बताया, आधे घंटे पहले, चंद्र शेखर आज़ाद के काफिले पर कुछ कार सवार हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी की थी।

उन्होंने कहा, एक गोली उन्हें छूते हुए निकल गई। वे ठीक हैं और उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भीम आर्मी की तरफ से अटैक के बाद घटना की वीडियो ट्वीट की गई है।

### कमर से ऊपर चोट लगी

वीडियो में देखा जा सकता है कि कार की बाईगेट में गोली से छेद हुआ है। कांच बिखरे पड़े हैं। ड्राइवर की बगल वाली सीट पर भी गोली आर-पार हो गई है। चंद्रशेखर की तस्वीर भी सामने आई है। कमर से ऊपर चोट लगी है।

### साथ यात्रा कर रहे लोगों ने हमलावरों को पहचाना

फायरिंग में घायल हुए आजाद को सहारनपुर के अस्पताल में लाया गया। उन्होंने बयान दिया, मुझे ठीक से याद नहीं है लेकिन मेरे साथ चल रहे लोगों ने हमलावरों को पहचान लिया है । हमले के बाद उनकी कार सहारनपुर की ओर चली गई।

### भाई के साथ कुल पांच लोग यात्रा कर रहे थे

भीम आर्मी नेता और आज़ाद समाज पार्टी - कांशी राम के प्रमुख, चंद्र शेखर आज़ाद ने कहा, हमले के बाद हमने यू-टर्न ले लिया। घटना के समय मेरे छोटे भाई सहित हम पांच लोग कार में थे..।

### राष्ट्रीय लोक दल ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए

हमले के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीतिक पार्टी- राष्ट्रीय लोक दल ने निंदा की। जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी ने कहा, हमला बेहद निंदनीय है। ये उत्तर प्रदेश में व्याप्त अराजकता और भाजपा सरकार के कानून व्यवस्था की गड़बड़ी का सबूत है।

### सपा सुप्रीमो बोले- अपराधियों को सत्ता से संरक्षण

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा,सहारनपुर के देवबंद में आज़ाद सामाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर आज़ाद पर सत्ता संरक्षित अपराधियों के द्वारा जानलेवा हमला घोर निंदनीय एवं कायरतापूर्ण कृत्य है।

### यूपी में जंगलराज?

उन्होंने सवाल किया कि बीजेपी राज में जब जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता का क्या होगा? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने लिखा, यूपी में जंगलराज!

# मानहानि केस में फंसे उद्धव ठाकरे

## शिंदे ग्रूप के सांसद की शिकायत पर कोर्ट ने जारी किया समन



**नई दिल्ली,28 जून 2023(ए)।** मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने शिवसेना (यूबीटी) नेताओं उद्धव ठाकरे और संजय राउत को समन जारी किया है। यह समन शिंदे खेमे के एक सांसद की शिकायत पर जारी किया गया है। शिवसेना सांसद राहुल शेवाले के खिलाफ पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में प्रकाशित कथित अपमानजनक लेखों को लेकर उद्धव ठाकरे और संजय राउत को समन जारी किया है।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (सिवड़ी अदालत) एसबी काले ने मुंबई दक्षिण-मध्य निर्वाचन क्षेत्र से सांसद शेवाले द्वारा दायर एक शिकायत के जवाब में सोमवार को समन जारी किया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे और राज्यसभा सांसद संजय राउत को 14 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है।

एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट से संबंधित राहुल शेवाले ने 'अपमानजनक' प्रकाशित करने के लिए दोनों नेताओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि के लिए सजा) और 501 (मानहानि करने वाली बात को छापना या उकेरना) के तहत कार्रवाई की मांग की है। यह कथित लेख 'सामना' के मराठी और हिंदी संस्करणों में उनके खिलाफ छपे थे। उद्धव ठाकरे सामना के मुख्य संपादक हैं, राउत इसके कार्यकारी संपादक हैं।

वकील चित्रा सालुंके के माध्यम से दायर शिकायत में, शेवाले ने 29 दिसंबर, 2022 को प्रकाशित 'राहुल शेवाले का कराची में होटल, रियल एस्टेट व्यवसाय है' शीर्षक वाले लेखों पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, शिकायतकर्ता ने उक्त लेखों में लगाए गए सभी आरोपों का दृढ़ता से खंडन किया और स्पष्ट रूप से कहा कि यह आम जनता के सामने उनकी छवि खराब करने के लिए शिकायतकर्ता के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर उसकी प्रतिष्ठा और राजनीतिक करियर को नुकसान पहुंचाने का एक कमजोर प्रयास है।

## भ्रष्टाचार और घोटाले को लेकर मोदी का इशारा शिवराज की तरफ



**भोपाल,28 जून 2023(ए)।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष कमलनाथ ने पीएम नरेंद्र मोदी के भ्रष्टाचार और घोटालों को लेकर विरोधी दलों पर किए गए हमले पर अपनी प्रतिक्रिया में बयान दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इशारा राज्य के सीएम शिवराज सिंह चौहान की ओर हो सकता है। संवाददाताओं ने राजधानी में कमलनाथ से पूछा कि पीएम मोदी ने भोपाल में आयोजित एक जनसभा में घोटाला और भ्रष्टाचार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा था। कमलनाथ ने इस पर कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने कांग्रेस का ज़िक्र नहीं किया। उनका इशारा शिवराज सिंह चौहान की ओर भी हो सकता है।

# कुर्बानी के लिए सोसायटी में बकरा लाने पर माहौल तनावपूर्ण

### लगे जय श्रीराम के जयकारे, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**मुंबई ,28 जून 2023(ए)।।** बकरीद पर मुंबई की एक हाईप्रोफाइल सोसायटी में कुर्बानी के लिए दो बकरे लाने में जमकर बवाल हुआ। इस दौरान हिंदू संगठन के नेता मौके पर पहुंच गए और कुर्बानी के विरोध में जय श्री राम के नारे भी लगाए गए। विवाद बढ़ता देख पुलिस पार्टी भी मौके पर पहुंच गई और मामला शांत करवाने के लिए बल का भी प्रयोग किया गया।

जानकारी के अनुसार मीरा रोड पर स्थित छुक्क इंफ्रा सोसायटी में बकरीद पर मोहसिन शेख नाम का एक शख्स कुर्बानी के लिए दो बकरे लेकर आया था। जब इस बारे में सोसायटी के लोगों को




सूचना मिली तो बड़ी संख्या में लोग सोसायटी के बाहर जमा हो गए और जमकर हंगामा किया।

इस दौरान विरोध कर रहे लोगों ने कभी हनुमान चालीसा पढ़ा तो कभी जय श्रीराम के नारे लगाए। सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। इस दौरान सोसायटी के लोगों और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई, जिसके बाद पुलिस को हल्का बल का भी प्रयोग करना पड़ा। आरोप है कि सोसायटी में कुर्बानी के लिए बकरा लाया गया। जबकि सोसायटी ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। असके बावजूद जबरन सोसायटी में 2 बकरे लिफ्ट से लाए गए।

# इसरो 13 जुलाई को लॉन्च करेगा चंद्रयान-3

**नई दिल्ली,28 जून 2023(ए)।** इसरो चंद्रयान मिशन प्रक्षेपण के लिए तैयार है और इसका लॉन्च अगले महीने जुलाई में होगा। चंद्रयान-3 मिशन 13 जुलाई को 14.30 बजे श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा। यह चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और घूमने में एंड-टू-एंड क्षमता प्रदर्शित करने के लिए चंद्रयान -2 के बाद का मिशन है। इसमें लैंडर और रोवर कॉन्फ़िगरेशन है। यह जानकारी इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने दी। सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में ये भारत की एक और बड़ी कामयाबी होगी। इस मिशन को लॉन्च करने की तैयारी अपने अंतिम चरणों में है। लॉन्चिंग की तैयारियों में लगी टीम भारत के सबसे भारी रॉकेट, लॉन्च व्हीकल मार्क-आई आई आई पर मध्य जुलाई तक लॉन्चिंग के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।



चंद्रयान-3 मिशन के साथ कई प्रकार के वैज्ञानिक उपकरणों को भेजा जाएगा, जिससे लैंडिंग साइट के आसपास की जगह में चंद्रमा की चट्टानी सतह की परत, चंद्रमा के भूकंप और चंद्र सतह प्लाज्मा और मौलिक संरचना की थर्मल-फिजिकल प्रॉपर्टीज की जानकारी मिलने में मदद हो सकेगी।

चंद्रयान-3 क्या है?


चंद्रयान मिशन के तहत इसरो चांद की स्टडी करना चाहता है। भारत ने पहली बार 2008 में चंद्रयान-1 की सफल लॉन्चिग की थी। इसके बाद 2019 में चंद्रयान-2 की लॉन्चिंग में भारत को असफलता मिली। अब भारत चंद्रयान-3 लॉन्च करके इतिहास रचने की कोशिश में है। इसकी लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से होगी। चंद्रयान-3 के तीन हिस्से- प्रोपल्शन मॉड्यूल, लैंडर मॉड्यूल और रोवर तैयार किए गए हैं। इन्हें जिसे टेक्निकल भाषा में मॉड्यूल कहते हैं।

# आदिपुरुष को बैन करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली,28 जून 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट में दायर एक जनहित याचिका में सार्वजनिक रुप से फिल्म आदिपुरुष का प्रमाण पत्र रद्द करने की मांग की गई है।

ओम राउत द्वारा निर्देशित फिल्म आदिपुरुष को लेकर एडवोकेट ममता रानी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा है कि जिन भगवानों की हम पूजा करते है, उनके बारे में फिल्म में सही नहीं बताया गया है। याचिकाकर्ता ने फिल्म के डायलॉग पर भी आपत्ति जताई हैं।

याचिका में कहा गया कि भगवान हनुमान, जिनका नाम बजरंग बली है, ने अपने प्रतिद्वंद्वी इंद्रजीत के जवाब में अपमानजनक संवाद का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे बयानों का इस्तेमाल सभ्य समाज में कभी नहीं किया जाता है, बल्कि भारत में केवल गली बॉय



द्वारा ही बोला जाता हैं।

याचिका में कहा गया है कि अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करना कभी भी किसी के लिए प्रेरणा नहीं हो सकता, और भगवान हनुमान जैसे महान व्यक्तित्व और देवता को इस तरह से दिखाना ईशनिंदा है, और इसे रोका जाना चाहिए।

याचिका में धार्मिक पांडुलिपियों और ग्रंथों को उनके मूल रूप में सुरक्षित रखने की भी मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि आदिपुरुष में रावण, राम, सीता और हनुमान का चित्रण महर्षि वाल्मिकी की रामायण और तुलसीदास रामचरितमानस के विपरीत है। सिनेमैटोग्राफ अधिनियम 1952 की धारा 5ए के अनुसार यह फीचर फिल्म सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए उपयुक्त नहीं है।

# टीएमसी ने राज्यपाल को दिखाया काला झंडा

**कोलकाता ,28 जून 2023(ए)।** राज्यपाल सीवी आनंद बोस और ममता सरकार के बीच तनातनी किस तरह बढ़ गई है इसकी झलक आज एक बार फिर दिखी। सिलीगुड़ी स्थित नॉर्थ बंगाल यूनिवर्सिटी (एनबीयू) में राज्यपाल आनंद आज जब पहुंचे तो उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। टीएमसी के छात्र विंग तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद (टीएमसीपी) के कार्यकर्ताओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवग्ननम की नेतृत्व वाली एक बेंच ने राज्य शिक्षा विभाग की सहमति के बिना 11 राज्य विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति के राज्यपाल के फैसले को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका



(पीआईएल) को खारिज कर दिया। 11 राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियों को पूरी तरह से वैध करार देने के अलावा, पीठ ने यह भी कहा कि इन कुलपतियों को वेतन, भत्ते और अन्य वित्तीय अधिकारों का भुगतान करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। राज्यपाल का इन नवनियुक्त अंतरिम कुलपतियों के साथ विश्वविद्यालय परिसर में बैठक करने का कार्यक्रम था। हालांकि, जैसे ही राज्यपाल का काफिला विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचा, तृणमूल छात्र परिषद के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने गो-बैक के नारे लगाए और काले झंडे लहराए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्यपाल राज्य शिक्षा विभाग और उसके प्रतिनिधियों को दरकिनार कर राज्य में शैक्षणिक मानकों में सुधार कर सकते हैं। तृणमूल छात्र परिषद के अध्यक्ष तनय मजूमदार ने आरोप लगाया कि राज्यपाल वास्तव में अपने मनमाने फैसलों के जरिए राज्य के शैक्षणिक माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। वह अपनी स्वतंत्र इच्छा के अनुसार कार्य कर रहे हैं। इसलिए हमने आज विरोध किया और उन्हें काले झंडे दिखाए। हम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में चाहते हैं। राज्यपाल भाजपा नेता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि वे राज्य शिक्षा विभाग को दरकिनार कर कुलपतियों की अवैध नियुक्तियों का विरोध कर रहे थे। हालांकि, आखिरकार राज्यपाल परिसर में दाखिल हुए और तय कार्यक्रम के मुताबिक बैठक में शामिल भी हुए। इधर मामले पर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस बाबत किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। हम मामले को देख रहे हैं और देख रहे हैं कि सुरक्षा में यह चूक कैसे हुई।



# एमपी में बड़ा हादसा

### अनियंत्रित होकर उफनती नदी में गिरा ट्रक, 12 लोगों की मौत

**भोपाल ,28 जून 2023 (ए)।** मध्यप्रदेश के दतिया जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जिले के दुरसड़ा थाना क्षेत्र के बुहारा गांव के पास निर्माणाधीन पुल के पास उफनती नदी में डीसीएम गाड़ी (मिनी ट्रक) पलट गई जिसमें एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत की खबर है। साथ ही गाड़ी में सवार 3 दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है।

गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि हादसा कल देर रात हुआ। एक मिनी ट्रक में ग्वालियर के कुछ लोग शादी समारोह के लिए टीकमगढ़ के जतारा जा रहे थे। रास्ते में घुवारा नदी पर बने रपटे पर ट्रक का पिछला पहिया नदी में उतर गया और ट्रक नदी में चला गया।

उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही राहत और बचाव के लिए प्रशासन का अमला रात को ही घटनास्थल पर पहुंच गया था। 12 से अधिक लोगों की मृत्यु की सूचना है। शेष लोग नदी से बाहर निकल आए हैं। उन्होंने बताया कि अभी राहत और बचाव अभियान जारी है। घायलों को तत्काल इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# सरकारी स्कूलों में शिक्षक भर्ती घोटालाः ईडी ने सयोनी को किया तलब

**कोलकाता ,28 जून 2023(ए)।** पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में शिक्षक भर्ती घोटाले में धन के लेन-देन की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टॉलीवुड अभिनेत्री एवं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की युवा इकाई की नेता सयोनी घोष को पूछताछ के लिए शुक्रवार को यहां के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित साल्ट लेक कार्यालय में तलब किया है।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घोष को मंगलवार को समन नोटिस दिया गया था, जिसमें उन्हें 30 जून को सुबह 11 बजे सीजीओ कॉम्प्लेक्स में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि ईडी ने उन्हें अपनी उपस्थिति के दौरान कुछ दस्तावेज लाने के लिए भी कहा है।




सूत्रों ने कहा, शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपियों में से एक एवं जेल में बंद तृणमूल नेता कुंतल घोष से पूछताछ के दौरान सयोनी का नाम सामने आया था। ईडी सूत्रों के मुताबिक कुंतल घोष की गिरफ्तारी के बाद वित्तीय मामलों की जांच के दौरान सयोनी घोष का नाम सामने आया था। यहां तक कि कुंतल घोष की एक संपत्ति की बिक्री में भी उनका नाम सामने आया था।

# उमेश पाल हत्याकांड के गवाह पर जानलेवा हमला



**प्रयागराज 28 जून 2023 (ए)।** कौंधियारा थाना क्षेत्र में तीन माह पहले उमेश पाल हत्याकांड में शूटर विजय चौधरी एनकाउंटर के गवाह पर रात में हमला किया गया। आरोप है कि कौंधियारा इलाके में रात में घर लौट रहे कारोबारी नीरज शुक्ला की बोलेरो रोक फायरिंग और लूट की कोशिश की गई। एनकाउंटर में मारे गए विजय चौधरी के भाई राकेश चौधरी पर हमले का आरोप लगा है। मंगलवार आधी रात की घटना में हमलावर राकेश चौधरी खुद गम्भीर रूप से घायल हो गया। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया है। ज्ञात हो कि राकेश चौधरी के खिलाफ भी कई आपराधिक केस हैं। वह जेल से अदालत लाते समय प्रिजन वैन से कूदकर भागने का भी आरोपित है। 24 फरवरी को उमेश पाल और दो सरकारी गनर की हत्या के बाद छह मार्च को एसओजी ने शूटर विजय चौधरी को कौंधियारा इलाके में मुठभेड़ में मार गिराया था। उस मुठभेड़ मामले में नीरज शुक्ला को पुलिस ने गवाह बनाया है।

## संपादकीय

# अभी तो कुहेलिका है

अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने के लिए पिछले शुक्रवार को पटना में आयोजित विपक्षी नेताओं की बैठक से अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अपवाद को छोड़ दिया जाए तो यह संदेश गया है कि विपक्ष एकजुट होने के मामले में गभीर है।

लेकिन चुनाव की दृष्टि से विपक्षी एकता का स्वरूप क्या होगा, यह तो अगली बैठकों में तय होगा। फिर भी यह तो कहा ही जा सकता है कि पटना की बैठक विपक्षी एकता की शुरुआत है।

लेकिन इस संभावित एकता को राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता जिन ज्वलंत मुद्दों को लेकर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्रहार करता रहा है, कम से कम उन मुद्दों पर उन्हें अपनी नीतियों को स्पष्ट करना होगा।

अर्थात विपक्ष बेरोजगारी और महंगाई को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की कटु आलोचना करता रहा है। इस मसले पर विपक्ष को यह बताना होगा कि बेरोजगारी दूर करने के लिए उसके पास कौन-कौन सी योजनाएं हैं? अगर विपक्ष सत्ता में आता है तो रोजगार बढ़ाने के लिए उसके पास किस तरह की योजनाएं हैं?

विदेशी निवेश बढ़ाने के लिए उनकी नीतियां क्या होंगी? ठीक उसी तरह से देश में महंगाई बढ़ रही है ,पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर के दाम जिन कारणों से बढ़ रहे हैं, उन पर विपक्ष किस तरह नियंत्रण करेगा? विदेश नीति के मोर्चे पर उनकी क्या नीतियां होंगी और चीन की विस्तारवादी नीतियों पर अंकुश लगाने के लिए आखिर वे क्या करेंगे? कांग्रेस सहित लगभग सभी विपक्षी दलों के नेता भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर देश को सांप्रदायिक आधार पर बांटने का आरोप लगाते रहते हैं।

इस पर अहम सवाल है कि क्या मुस्लिम तुष्टीकरण से ही सांप्रदायिक विभाजन दूर होगा? इससे भी बड़ा सवाल है कि क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों के नीतिगत मतभेद दूर कैसे होंगे? सबसे बड़ा सवाल तो यह भी है कि विपक्ष की इस बारात का दुल्हा कौन होगा?

हालांकि राजद नेता लालू यादव ने मजाक में ही राहुल गांधी की ओर इशारा किया। इस मजाक में भी एक संदेश था, लेकिन क्या समूचा विपक्ष राहुल गांधी को अपनी बारात का दुल्हा मानने के लिए तैयार है? इन सभी सवालों पर अभी तक विपक्ष ने कोई स्पष्ट नीति नहीं रखी है। उसके रुख से लगता है कि शिमला बैठक के बाद ही गठबंधन का कोई ठोस स्वरूप उभर कर आएगा। फिलहाल यही है कि साथ लड़ने पर वे सहमत हैं।

# इस उपलब्धि से ईर्ष्या क्यों है पाकिस्तान को

60 की उम्र पार कर चुके लोगों के जेहन में 1971 की कुछ यादें अभी भी ताजा होंगी। जब रोज सुबह आनेवाले अखबारों में खबरें छपती थीं कि पाकिस्तान के समर्थन में अमेरिका का सातवां बेड़ा निकल चुका है, या यहां-वहां पहुंच गया है।

आज उसी अमेरिका की संसद में भारतीय प्रधानमंत्री के लगभग एक घंटे के भाषण पर 79 बार तालियां बजना और 15 बार स्टैंडिंग ओवेशन मिलना आश्चर्यजनक नहीं है क्या? है। दुनिया मान भी रही है। लेकिन भारत के कुछ लोग यह मानने को तैयार नहीं हैं।

आज के युग में दुनिया के किसी भी देश के लिए विदेश नीति के मोर्चे सफल होना सबसे बड़ी जरूरत होती है। इसी से उसकी आर्थिक-सामाजिक प्रगति जुड़ी होती है। विदेश नीति कोई एक दिन में परवान चढ़नेवाली चीज नहीं होती। इसके लिए कई मोर्चों पर सतत प्रयास करने पड़ते हैं। अलग-अलग देशों के साथ बड़ी सावधानी से कदम बढ़ाने पड़ते हैं। खासतौर से तब जब रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी स्थिति चल रही हो। ऐसे में आप रूस से कच्चा तेल भी खरीद रहे हों, यूक्रेन से बात भी कर रहे हों, और अमेरिका की संसद में तालियां बटोरकर स्टैंडिंग ओवेशन भी ले रहे हों, तो यह आश्चर्यजनक नहीं लगता क्या? ये आश्चर्यजनक उन्हीं को नहीं लगता, जिनकी आंखों पर मोदी विरोध की पट्टी बंधी हुई हो। भारत जैसा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी का देश आज तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक कि उसे साधनों-संसाधनों के मोर्चे पर अन्य सक्षम देशों से तकनीकी मदद न मिल पाए। ये मदद कोई यों ही तो नहीं कर देता।

विदेश नीति सीधा लेन-देन का विषय है। सामनेवाले को हम ताकतवर दिखाई देंगे, तो ही वह हमसे हाथ मिलाने को तैयार होगा। वरना मेहरबानी का लाल गेहूं तो 1960 में भी अमेरिका से हम पाते ही रहे हैं। आज हाथ मिलाना तो बहुत पीछे छूट चुका है। अब तो पैर छुए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की सलाह पर सिडनी में लखनऊ की चाट और जयपुर की जलेबियां खाई जा रही हैं, और अमेरिकी संसद में उनके भाषण पर तालियां पीटी जा रही हैं, ऑटोग्राफ लिए जा रहे हैं। आज हम इस स्थिति में पहुंचे हैं, तभी भारत और अमेरिका एक साथ मिलकर पाकिस्तान को आतंकी गतिविधियां रोकने के लिए सख्त हिदायत देने की स्थिति में आ सके हैं।

याद है, कुछ वर्ष पहले हुआ अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा का भारत दौरा। मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान ओबामा से पाकिस्तानी आतंकवाद के बारे में बार-बार कोई टिप्पणी करवाने की कोशिश पर भी ओबामा ने पाकिस्तान के विरोध में एक शब्द नहीं बोला था। यहां तक कि 2021 में हुई मोदी और बाइडन की पहली द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में भी पाकिस्तान का नाम नहीं लिया गया था। लेकिन गुरुवार को जारी संयुक्त बयान में पाकिस्तान का सीधे तौर पर नाम लिया गया। भारत-अमेरिका के इस बदले हुए साझा रुख से पाकिस्तान की शहबाज सरकार की नींद उड़ गई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की है, और पाकिस्तान से साफ कहा है कि वह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न हो। भारत-अमेरिका की इस दोस्ती ने विश्व मंच पर पाकिस्तान को अप्रासंगिक बना दिया है।

भारत-अमेरिका की इस शिखर वार्ता में चीन का खुलकर नाम भले न लिया गया हो, लेकिन संयुक्त बयान में कई ऐसे तथ्यों की ओर इशारा किया गया है, जो चीन की ओर ही इशारा करते हैं। बात रक्षा क्षेत्र में खरीदारी की हो, या संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली में सुधार की, हर मोर्चे पर भारत को सफलता मिल रही है, और वह साफगोई के साथ आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) एवं भारतीय कंपनी हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लि. के बीच हुआ समझौता साफ संकेत है कि रक्षा क्षेत्र में अमेरिका अब भारत को अहम तकनीक देने को भी तैयार है। यह तकनीक भारतीय सेना के लिए लड़ाकू जेट इंजन बनाने के काम आएगी। अब तक खरीदार एवं विक्रेता के रिश्तों से आगे बढ़ते हुए तकनीक ट्रांसफर तक पहुंचना हमारी विदेशनीति की एक बड़ी उपलब्धि है, और मानी जानी चाहिए। 31 प्रिडेटर ड्रोन की खरीद सहित रक्षा क्षेत्र में हुए कई और सौदों के कारण भविष्य में भारत अपने चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों पर बढ़त बनाने में कामयाब होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब विदेश जाते हैं तो वहां रह रहे भारतवंशी उनका बड़े उत्साह से स्वागत करते हैं। इसका कारण है पिछले कुछ वर्षों में उनका वहां बढ़ा सम्मान। इस सम्मान के साथ-साथ उनकी सुविधाएं भी बढ़ रही हैं। पढ़ाई, नौकरी या व्यवसाय के लिए भारत से अमेरिका जाना आम बात है। इन उद्देश्यों से अमेरिका जानेवाले भारतवंशियों के लिए एच-1बी वीजा का नवीकरण एक बड़ा मुद्दा रहा है। एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियां अपने विदेशी कर्मचारियों के लिए जारी करती हैं। ये वीजाधारक अपनी पत्नी-बच्चों के साथ अमेरिका में रह सकता है। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक अमेजान, इंफोसिस, टाटा कंसलटेंसी, अल्फाबेट और मेटा कंपनियां एच-1बी वीजा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल कर रही हैं। यह वीजा एक बार में तीन साल के लिए ही जारी किया जाता है। फिलहाल, इस वीजा के नवीकरण के लिए किसी दूसरे देश में स्थित अमेरिकी दूतावास की सेवाएं लेनी पड़ती हैं। लेकिन प्रधानमंत्री की इस यात्रा के बाद बाइडन प्रशासन कुशल भारतीय कामगारों को अमेरिका आने और वहां बने रहने में मदद करने के लिए एच-1बी के वीजा नियमों में बदलाव करने जा रहा है। अमेरिका में रहनेवाले हजारों भारतीय अब वहां रहते हुए ही अपने एच-1बी वीजा का नवीकरण करवा सकेंगे। अमेरिकी प्रशासन की नीति में इस बदलाव के बाद यह लाभ भारतीयों के साथ-साथ अन्य देशों के निवासियों को भी मिलेगा। विदेश में रह रहे भारतवंशियों को मिलनेवाली इन्हीं सुविधाओं का नतीजा है कि अनेक देशों में प्रधानमंत्री मोदी अपनी इतनी बड़ी-बड़ी सभाएं कर डालते हैं, जितनी भारत के कई नेता भारत में भी नहीं कर पाते।

**आचार्य पवन त्रिपाठी**

## कैलेंडर सी जिंदगी

जिंदगी हो चुकी है कैलेंडर सी
सिर्फ सन बदलता है,
तारीखों के साथ दिन बदलता है,
फिर वहीं गर्मी,वहीं बरसात,वहीं ठंड,
बिल्कुल मलंग,
हां कैलेंडर देखने वालों की
उम्र बढ़ जाती है,
और परिस्थितियां
जस की तस बनी रहती है
दलितों, शोषितों की जिंदगी की
तरह,वहीं अश्पृश्यता,
वहीं दमन,वहीं अत्याचार,
वहीं अस्मत से खिलवाड़,
नहीं बदलती तो दशा और दिशा,
अचल खड़ी है बुत की तरह,
इन सबकी जिंदगी।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़
छत्तीसगढ़

# पति की संपत्ति में होममेकर महिलाओं का बराबर का हिस्सा,मद्रास हाई कोर्ट सकारात्मक फैसला

कुदरत ने सृष्टि की रचना करते वक्त मर्द और औरत की सरचना की ,जिसमें किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं था। परंतु दुनिया का सामाजिक ताना-बाना कुछ इस तरीके से बन गया की समाज देखते-देखते पुरुष प्रधान हो गया। औरत को घर की चारदीवारी और पुरुष को घर से बाहर का काम सौंपा गया। परंतु आज आधुनिक समाज में जब औरत घर की चारदीवारी से निकल कर बाहर पुरुष से कंधे से कंधा मिलाकर प्रत्येक कार्य को कर रही है । ऐसे में आज भी समाज की संकीर्ण सोच देखने को मिलती है। उन्हें भी समाज के बने ताने-बाने के मुताबिक कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । जो स्त्रियां कामकाजी नहीं है उन्हें तो बिल्कुल भी सम्मान नहीं दिया जाता । अक्सर हंसी मजाक में ही यह ताना मार दिया जाता है कि आखिर तुम घर में रहकर करती क्या हो । स्त्री जो अपना घर छोड़कर ब्याह के बाद पुरुष के घर को अपनाती है और सजाती संभालती है । उसे आज भी कहासुनी के दौरान घर से निकल जाने की धमकी दी जाती है । समय समय पर उसे यह जताया जाता है कि इस घर पर उसका कोई अधिकार नहीं । सवाल ये उठता है कि आखिर औरत का घर कौन सा होता है? इस सवाल का उत्तर देते हुए मद्रास हाई कोर्ट का एक बड़ा फैसला सामने आया है । जिसके अनुसार घर में रहने वाली होममेकर महिलाओं/ घर को संभालने वाली महिला का अपनी




पति की संपत्ति पर आधा अधिकार है। बिना पत्नी की सपोर्ट के पति का बेफिक्री से काम करना संभव नहीं । कोर्ट के मुताबिक संपत्ति चाहे हसबैंड के नाम हो या वाइफ के दोनों के सहयोग से बनी हुई मानी जानी चाहिए और उस पर दोनों का बराबर का हिस्सा माना जाए। मद्रास हाई कोर्ट द्वारा औरत के सैक्रिफाइस को सराहा गया तथा किसी भी हालत में उसे उसके हक से मैहरूम ना करने का एक बड़ा फैसला दिया गया। यह फैसला पुरुष प्रधान समाज में औरत को उसका हक दिलाने की ओर एक बड़ा कदम है। जो सही मायने में औरत को सशक्त करता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस तरह के इतिहासिक फैसले ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली


## पहली बारिश

पहली बारिश का आनंद ,
कुछ और है।
छूकर निकले ठोढ़ी को ,
शरबती हवाएँ।
पल भर में मिले जैसे ,
कुदरती दुआएँ।
धारित्री से उठी सुगंध ,
कुछ और है।
पहली बारिश....
बादल की गड़-गड़ाहट ,
एक तालबद्ध संगीत।
रिमझिम रिमझिम स्वर ,
एक लयबद्ध गीत।
लेखनी से निकला छंद ,
कुछ और है।
पहली बारिश....
हरित परिधानों में सजते ,
बरगद बबूल बेर।
फुदक रही है गौरैया ,
भीगा काग मुंडेर।
मयूर की आँखों का अनुबंध ,
कुछ और है।
पहली बारिश....
याद दिलाता बचपन का ,
निश्छल-कोमल भाव।
बहते मटमैले जल में ,
कागद् वाली नाव।
बूँद और बुलबुले का द्वंद्व ,
कुछ और है।
पहली बारिश का आनंद ,
कुछ और है।



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)

## पिज्जा



पिज्जा डिलीवरी ब्वाय की नौकरी करने वाले रघु को उसके अगल-बगल की झुग्गियों में रहने वाले बच्चों ने घेर कर पूछा, सुना है, यह पिज्जा बहुत अच्छा होता है। तू वहां नौकरी करता है, तुझे तो भरपेट खाने को मिलता होगा न?

झूठमूठ की हंसी हंसते हुए रघु ने कहा, मैं तो रोजाना जितना मन होता है, उतना पिज्जा खाता हूं।

जबकि सच तो यह था कि वह तीन महीने से नौकरी कर रहा था, पर पिज्जा खाने की कौन कहे, उसने चखा तक नहीं था।

मैंने सुना है कि पिज्जा शहद जैसा होता है... क्या यह सच है? जय ने पूछा।

नहीं रे... वैसा नहीं होता। एक बार एक लड़की का पूरा डिब्बा गिर गया था। उसमें से एक टुकड़ा मुझे भी मिल गया था। मीठा नहीं, तीखा-तीखा था, पर था बहुत जोरदार... शेरा ने कहा।

जिस दिन से रघु ने पिज्जा डिलीवरी की यह नौकरी की थी, उसी दिन से उसकी इच्छा थी कि एक दिन उसे भरपेट पिज्जा खाना है। आखिर इसमें ऐसा क्या है, जो लोग इसे खाने के लिए पागल हुए रहते हैं। इसका

मतलब यह कोई जोरदार चीज है

पिज्जा खाने कद लिए ओवरटाइम के अलावा मैनेजर से विनती कर के रात को वह रेस्टोरेंट का कूड़ा उठाने और झाड़ू-पोछा करने लगा। इस तरह लगभग दो महीने की सख्त मेहनत कर के उसने करीब डेढ़ हजार रुपए बचा लिए। अब वह पेट भर पिज्जा खा सकेगा, यह सोच कर उसे उस रात नींद नहीं आई। अगले दिन वह पिज्जा खाएगा, यह सोच कर उस दिन उसने खाना भी नहीं खाया।

उस दिन बिना यूनीफॉर्म के हो वह रेस्टोरेंट में दाखिल हुआ। वहां से उसने देखा कि उसके पड़ोस वाले बच्चे भीख मांग रहे हैं। छोटे जय को एक लड़की ने मुंह बना कर बिस्कुट का आधा पैकेट दिया। बिस्कुट खुद अकेले खाने के बजाय जय ने अपने अन्य तीन साथियों को बुलाया।

बस, रघु के तरस रहे मन को तमाचा लगा। पल भर का विलंब किए बगैर उसने सीटी मार कर उन लोगों को बुलाया। रघु को देख कर वे सभी उसकी ओर भागे। जय ने हाथ में लिया आधा पैकेट बिस्कुट उसके सामने रख दिया।

यह देख कर भीग चुकी आंख का कोर पोछते हुए रघु ने उन सब से पूछा, मैं कह रहा हूं कि पिज्जा खाओगे क्या?



**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

# पंचायत चुनाव:हिंसा की सियासत

पंचायत राज की स्थापना का सीधा-सीधा मतलब था कि हर वर्ग और हर व्यक्ति को न केवल सरकारी योजनाओं का ज्ञान रहे, बल्कि लाभ भी मिले।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए पंचायत राज को बढ़ावा दिया गया कि व्यक्ति पंचायत प्रमुख या पंचायत प्रधान के जरिए अपनी दिक्कतों को सरकार तक पहुंचा सके, लेकिन कालक्रम में ज्यों-ज्यों राजनीति में असामाजिक तत्वों का बोलबाला बढ़ा और राजनेताओं के प्रति जनता का विश्वास कम हुआ त्यों-त्यों राजनीति में हिंसा का चलन बढ़ता गया। चाहे कोई नेता हो या दल, चुनाव जीतने के लिए मुद्दों नहीं, मारपीट का सहारा ले रहा है। हिंसक वारदातों को जायज नहीं ठहराया जा सकता। इस मामले में कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं है। नेता को जीत चाहिए और दल को सत्ता। इसके लिए वह सब कुछ कर गुजरने को तैयार हैं।

ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल का है, जहां अगले महीने (8 जुलाई) त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होना है, इसके लिए नामांकन और नाम वापस लेने की प्रक्रिया भले ही पूरी यानी रु क गई हो, लेकिन हिंसा रु कने का नाम नहीं ले रही है। सूबे के विभिन्न जिलों से रोजाना हिंसक घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। सरकारी तौर पर सात लोग की मौत हुई है और दर्जनों जख्मी बताए जा रहे, इन घटनाओं पर किस प्रकार अंकुश लगे, इस पर विचार करने की बजाए सभी नेता और दल एक-दूसरे पर आरोप लगाने पर व्यस्त दिख रहे हैं। बंगाल में जिला परिषद, ग्राम पंचायत और पंचायत समितियों के लिए आठ जुलाई को मतदान और 11 जुलाई को मतगणना होगी, लेकिन इसे अचरज कहें या अराजकता कि 12 फीसद यानी नौ हजार से कुछ ज्यादा सीटों पर सभी दलों (तृणमूल, भाजपा, माकपा और कांग्रेस) समेत निर्दलीय ने जीत हासिल कर ली है।

इस गणित से यह साफ हो जाता है कि अगले महीने होने वाला त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कितना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होने वाला है। नामांकन और नाम वापसी की समय-सीमा पूरी होते ही जैसे ही राज्य चुनाव आयोग ने यह बताया कि 9009 सीटों पर निर्दलीय समेत तमाम दलों ने जीत हासिल कर ली है। आम आदमी तो क्या कलकत्ता उच्च न्यायालय में



अचंभित रह गया और इस बाबत हलफनामा दायर करने को कहा। विपक्ष शुरू से ही चुनाव में गड़बड़ी की आशंका जताता रहा है, इस बाबत उच्च न्यायालय ने भी विपक्ष की बातों को सही मानते हुए केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया, जिसके खिलाफ राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखाया, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने भी उच्च न्यायालय के आदेश पर मुहर लगाई।

अब केंद्रीय बलों के जवान हिंसा पीड़ित इलाकों का दौरा कर लोगों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश कर रहे हैं, आठ जुलाई को निर्भय होकर अपनी मर्जी से अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट दें, इस बीच तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और राज्य की मुख्यमंत्री डंके की चोट पर कह रही हैं कि चाहे जितने केंद्रीय बल आ जाए, जीत हर हाल में हमारी यानी तृणमूल कांग्रेस की ही होगी।

सवाल यह उठता है कि मतदान के पहले ममता इस तरह का दावा कैसे और किस आधार पर कर सकती हैं?

उनके दावे में इतना दम है तो फिर केंद्रीय बलों की तैनाती से डर क्यों रही हैं? सूबे में यह पहला मौका नहीं है, जब केंद्रीय बलों की तैनाती में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने जा रहे हैं, इससे पहले 2013 में भी पंचायत चुनाव के दौरान भी केंद्रीय बलों की तैनाती हुई थी और तृणमूल कांग्रेस जीती थी। शायद इस बार ममता अंदर से भयभीत हैं, क्योंकि नाना प्रकार के भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरने, सीबीआई व ईडी के जाल में फंसी होने और कांग्रेस व वाममोर्चा की लोकप्रियता में हुई कुछ बढ़ोतरी के कारण तृणमूल खेमे की नींद उड़ी हुई है। इसके अलावा, मुख्य विपक्षी दल भाजपा से मिल रही कड़ी टक्कर मिल रही है।

आगामी 8 जुलाई को 73,887 सीटों के लिए होने वाले मतदान से पहले 9009 उम्मीदवारों ने बिना प्रतिद्वंदिता के निर्विरोध जीत हासिल कर ली। राज्य चुनाव आयोग ने जिलावार ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के सीटों पर निर्विरोध जीत की सूची जारी की। सूची के तहत ग्राम पंचायत के 63,229 सीटों में से 8,002 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की, जबकी पंचायत समिति के 9,730 सीटों में से 991 उम्मीदवार बिना प्रतिद्वंदिता के जीत गए। जिला परिषद की कुल 928 सीटों में से 16 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत दर्ज की।

पंचायत समिति में सबसे अधिक दक्षिण चौबीस परगना की 6,383 सीटों में से 1,767 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की। अलीपुरद्वार में सबसे कम 1,252 सीटों में से 8 सीटों पर उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। पंचायत समिति में भी सबसे अधिक संख्या में जीत दर्ज करने वाले उम्मीदवार भी दक्षिण चौबीस परगना जिले के हैं। जहां 926 पंचायत समिति सीटों पर 233 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की। कालिम्पांग और पुरु लिया के 76 और 496 सीटों में एक-एक उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। जिला परिषद में बीरभूम और कूचबिहार की एक-एक सीट, उत्तर चौबीस परगना की 3 सीट, दक्षिण चौबीस परगना की 8 सीट और उत्तर दिनाजपुर की 3 सीट पर उम्मीदवारों ने बिना प्रतिद्वंदिता की जीत हासिल की है।

**शंकर जालान**

## महँगाई की प्रहार

टमाटर ना जाने क्यों लाल हो गए हैं?
सौ के पार तीव्र उनके चाल हो गए हैं।
अदरक तीन-तीन शतक लगा रही है।
धनिकों में निरंतर अलख जगा रही है।
भाटा भिंडी लौकी अनमोल हो रही है।
जो पचास-पचास की तोल हो रही है।।
तीन-पचासा में बिक रही अब दाल है।
निम्न तबको का भयंकर बुराहाल है।।
धनिया तो अब मुनिया से हो गई परे हैं।
तीखी मिर्ची दर्द देती उच्चासन ठहरे हैं।।
सेब के साथ उठती-बैठती गोभी प्यारी है।
करेला कड़ुवाहट में,बेहद बाजी मारी है।।
राशन समान
क्रोधाग्नि में जो लाल पड़े हैं।।
चना,आलू,उड़द,जीरा,
मानों काल खड़े है।।
रसोई गैस ने भी भीषण आग लगाई है।
चार की बारह सौ तक छलांग लगाई है।
महँगाई में सबका
जीना दुश्वार हो गया है।
सब दीन के घर में,
विकट प्रहार हो गया है।।



**चन्द्रकांत खुंटे क्रांति**
जांजगीर-चाम्पा
(छत्तीसगढ़)

# सोशल नेटवर्किंग,डिजीटल क्रांति की सफलता भी मानसिक,सामाजिक परेशानियां और दूरियों का बड़ा कारण

21वीं सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं। इंटरनेट के जरिए विश्व के अनेक देशों की दूरियां पलक झपकते खत्म हो जाती है। वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निर्माता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं, और 2023 में इनकी संख्या 450 मिलियन होने की संभावना है। एक गणना के अनुसार भारत में लोग सोशल मीडिया पर 24 घंटे गुजारते हैं जबकि भारत से समृद्ध देश जापान के लोग केवल 47 से 50 मिनट तक की सोशल मीडिया पर उपस्थित रहते हैं। सोशल मीडिया नेटवर्किंग कोई भी सकारात्मक रूप से लें इसके बहुत फायदे हैं, इसके फायदे की जद में न सिर्फ बच्चे बल्कि शिक्षक, व्यवसाई, न्यूज़पेपर, मीडिया चैनल आदि भी हैं जिसका परिणाम सोशल मीडिया एक विशाल नेटवर्क बन गया है।ये पूरे विश्व को जोड़कर रखने में सक्षम है। इसके अलावा यह संचार का अच्छा माध्यम होने के साथ-साथ बहुत तेज गति से सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करता है। भौगोलिक तथा सांख्यिकी रूप से विशाल देश भारत में जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इसको अभियान की तरफ अपनाया गया है। इसके अलावा यह रोजगार प्रदान करने वाला माध्यम भी बन गया है। यह शिक्षा तथा ज्ञान का एक विशिष्ट माध्यम बन गया है। एक झटके में एक क्लिक से विश्व की कोई भी जानकारी इसमें तत्काल उपलब्ध हो जाती है। सोशल नेटवर्किंग का सबसे ज्यादा फायदा कोविड-19 के संक्रमण काल में करुणा की महामारी को रोकने के लिए इस संबंध में बचाव कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हुआ है। अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, इजराइल,ऑस्ट्रेलिया जैसे सक्षम देश में महामारी से लाखों लोगों की मौत हुई किंतु सोशल नेटवर्किंग के बलबूते पर भारत शासन ने कोविड-19 की महामारी में विशाल जनसंख्या के होते हुए भी प्रभावी नियंत्रण पा लिया है। सोशल नेटवर्किंग की इस सदी की सबसे बड़ी मानवीय सहायता है। भारत देश के अच्छे कार्यों तथा चीन और पाकिस्तान के गलत तरीके से भारत की सीमा में घुसने के समाचारों को सोशल नेटवर्किंग से प्रचारित प्रसारित कर भारत को वैश्विक समर्थन आप करने में सोशल मीडिया का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। भारत के प्रधानमंत्री वैश्विक स्तर पर दूसरे नंबर के सर्वाधिक लोकप्रिय व्यक्ति भी सोशल मीडिया के कारण ही बने हैं। पर यदि सोशल मीडिया के नकारात्मक पहलू पर अपन चर्चा ना करें तो यह बात अधूरी रह जाएगी, सोशल मीडिया का ज्यादा प्रयोग मानव मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, जिससे व्यक्ति के डिप्रेशन में जाने की संभावना हो सकती है।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सैनिक स्कूल के 6 वीं कक्षा के छात्र की संदिग्ध हालत में मौत

### प्राचार्य ने पत्रकारों से छीना कैमरा

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 जून 2023 (घटती-घटना)।

सैनिक स्कूल अंबिकापुर में 6वीं कक्षा के अध्ययनरत एक कैडेट की बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्र ने 6 दिन पहले ही एडमिशन लिया था। सैनिक स्कूल प्रबंधन द्वारा गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, यहां जांच पश्चात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर छात्र की मौत का कवरेज करने मीडियाकर्मी पहुंचे तो सैनिक स्कूल की प्राचार्य ने उन्हें ऐसा करने से रोका तथा कैमरा छीन लिया। सूचना पर छात्र के परिजन भी शाम को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। छात्र की मां का कहना था कि यदि मेरे बेटे की तबियत 2 दिन से खराब थी तो उन्हें सूचना क्यों नहीं दी गई।



छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में सैनिक स्कूल संचालित है। यहां देशभर के छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। 6 दिन पूर्व बिलासपुर निवासी 12 वर्षीय छात्र ऋषभ डहरिया पिता बलदेव डहरिया ने 6वीं कक्षा में एडमिशन लिया था। बुधवार की सुबह नाश्ते के बाद उसकी तबियत बिगडने लगी। यह देख स्कूल प्रशासन द्वारा उसे एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी बीच रास्ते में वह अचेत हो गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत की सूचना पर प्राचार्य, उपप्राचार्य सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल पहुंचे और मामले की सूचना छात्र के परिजनों को दी। संदिग्ध हालत में छात्र की मौत की सूचना पर मीडियाकर्मी मामले का कवरेज करने अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान सैनिक स्कूल की प्राचार्य कर्नल मिताली ने उन्हें कवरेज करने से रोका तथा कैमरा छीन लिया, इसे लेकर मामला और गर्म हो गया है।

### छात्र की मां बोली- हमे सूचना क्यों नहीं दी

छात्र की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिजन बिलासपुर से अंबिकापुर पहुंचे। बेटे का शव देख उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। छात्र की मां का कहना है कि जब 2 दिन से बेटे की तबियत खराब थी स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें सूचना क्यों नहीं दी गई। सीधे अस्पताल क्यों ले आए? इधर नायब तहसीलदार संजीत पांडेय ने बताया कि स्कूल प्रबंधन के अनुसार छात्र को 2 दिन से बुखार था। बुधवार की सुबह नाश्ते के बाद उसके हाथ-पैर में दर्द शुरु हुआ और वह अचेत हो गया था। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




## निजी प्लाट में स्थित कुएं में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जून 2023 (घटती-घटना)।

मणिपुर थाना क्षेत्र के भट्ठापारा में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। व्यक्ति की लाश एक निजी प्लाट के कुएं में औंधे मुंह पड़ा था। सूचना पर मणिपुर थाना पुलिस व फोरेंसिंक की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। फिलहाल पुलिस शव को अस्पताल के मरच्यूरी में रखवाकर परिजन के आने का इंतेजार कर रही है।

मणिपुर थाना क्षेत्र के भट्ठापारा में अस्पताल के पीछे एक निजी प्लाट है। प्लाट का देखरेख एक फल व्यवसायी द्वारा किया जाता है। प्लाट में ही कुंआ है। फल व्यवसायी बुधवार की सुबह करीब 9 बजे कुएं की तरह गया तो कुएं में एक व्यक्ति की औंधे मुंह लाश पड़ी थी। वह मामले की जानकारी मणिपुर पुलिस को दी। सूचना पर मणिपुर थाना प्रभारी एसआई प्रमोद पांडेय टीम के साथ पहुंचे। इस दौरान फोरेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। शव को आस पास के लोगों की मदद से कुएं से बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने बताया कि लाश लगभग एक दिन पुरानी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्टेट बॉर्डर बढ़ाया जाएगा पेट्रोलिंग



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 जून 2023 (घटती-घटना)।

आईजी राम गोपाल गर्ग ने रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अपराध, कानून व्यवस्था व चिटफण्ड के प्रकरणों में वर्चुअल समीक्षा बैठक ली। इस दौरान आईजी ने मामलों में जिलेवार विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के निराकरण तथा चिटफण्ड कंपनी के डायरेक्टरों पर कार्यवाही के साथ कंपनी की संपत्ति की कुर्की करवाने व निवेशकों की राशि वापस करने हेतु त्वरित कार्यवाही हेतु सभी पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आईजी ने कहा कि धोखाधड़ी के लंबित मामलों के साथ महिलाओं और बच्चों के संबंध में घटित अपराधों में जांचकर्ता अधिकारी, विवेचक विशेष रूचि लेकर ऐसे मामलों का समयावधि में निराकरण करें। यह तभी संभव होगा जब आरोपियों के गिरफ्तारी सुसंगत साक्ष्यों को एकत्रित कर मामलों का अभियोग पत्र शीघ्रता से न्यायालय में पेश किया जाएगा। अबैध नशीली वस्तुओं के विरूद्ध कार्यवाही एवं नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान की समीक्षा की गई। आईजी ने आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए स्टेट बॉर्डर से सटे इलाकों में लगातार गश्त व पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा निगरानी गुंडा, बदमासों पर पैनी नजर बनाए रखने हेतु निर्देश दिए।

## चोरी की तीन नग बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 28 जून 2023 (घटती-घटना)।

चोरी के तीन बाइक के साथ मणिपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अलग-अलग स्थान से बाइक चोरी कर घर में रखा था और बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार रोशन गुपता पिता विनोद गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी लक्ष्मीपुर थाना कोतवाली का रहने वाला है। 13 जून को इसके घर के आंगन से दोपहिया वाहन अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। रोशन मामले की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराया था। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। जांच विवेचना में पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की एक संदिग्ध व्यक्ति मिशन चौक के पास बाइक बेचने क लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर बाइक के संबंध में पूछताछ की तो वह चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी जावेद खान उर्फ तुरवा पिता स्व. इलियास खान उम्र 26 वर्ष निवासी मस्जिदपारा बरगीडीह थाना लुंड्रा को गिरफ्तार कर शहर में लगातार हो रही बाइक चोरी के संबंध में सख्ती से पूछताछ की तो वह ऑक्सीजन पार्क व माता राजरानी हॉस्पिटल 1-1 बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इसके कब्जे से चोरी की कुल तीन नग बाइक जब्त कर इसके खिलाफ कार्रवाई र जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मणिपुर उपनिरीक्षक प्रमोद पांडेय, उपनिरीक्षक रुपेश नारंग, सहायक उप निरीक्षक मनोज सिंह, सहायक उप निरीक्षक विवेक पांडेय, प्रधान आरक्षक पन्नालाल, संतोष कश्यप, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, संजीव चौबे अमित विश्वकर्मा शामिल रहे।



## महिला बंदियों से अमानवीय व्यवहार किए जाने की शिकायत पर राज्य महिला आयोग की सदस्यों ने की जांच

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जून 2023 (घटती-घटना)।

सेंट्रल जेल अंबिकापुर में निरुद्ध महिला बंदियों से अमानवीय व्यवहार किए जाने की शिकायत पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक मामले की जांच के लिए आयोग की दो सदस्यों का टीम का गठन किया था। जिसमें नीता विश्वकर्मा एवं अर्चना उपाध्याय को शामिल किया गया था। टीम की दोनों सदस्यों ने बुधवार को केन्द्रीय जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण करीब तीन घंटे तक चला। आयोग के सदस्य नीता विश्वकर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के निर्देश पर मामले की जांच की गई है। इस दौरान महिला बंदियों से संपूर्ण मामले में पूछताछ की गई। जांच पूर्ण होने के बाद रिपोर्ट आयोग के अध्यक्ष को भेज दिया गया है।

## मोबाईल दुकान से चोरी करने वाला 1 फरार आरोपी गिरफ्तार,चौकी करंजी पुलिस की कार्यवाही

- संवाददाता -
सूरजपुर, 28 जून 2023 (घटती-घटना)।

दिनांक 31.03.23 को ग्राम राई निवासी आयुष जायसवाल ने चौकी करंजी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30.03.23 के रात्रि में इसके मोबाईल दुकान से किसी अज्ञात चोर के द्वारा 2 नग मोबाईल एवं नगदी 13 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी राकेश उर्फ पिनट सिंह पिता स्व. प्रेमसाय निवासी सकलपुर को गिरफ्तार कर चोरी का मोबाईल जप्त किया गया था। पूछताछ पर उसने अपने साथी रामप्रसाद बरगाह के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना बताया था। मामले में आरोपी रामप्रसाद फरार था।



पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण ऐलिसेला ने चोरी के मामले में फरार आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी करंजी को दिए। चौकी करंजी पुलिस के द्वारा फरार आरोपी की पतासाजी करने के दौरान मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी रामप्रसाद बरगाह पिता शिवलाल उम्र 40 वर्ष निवासी रामनगर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने राकेश उर्फ पिनट के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी करंजी प्रवीण राठौर, प्रधान आरक्षक सुनील भारती, आरक्षक रामदेव सिंह, जितेन्द्र सिंह, दीपक किस्पोट्टा व सत्यनारायण सिंह सक्रिय रहे।

## भाई की हत्या करने वाले आरोपी को थाना प्रतापपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,28 जून 2023 (घटती-घटना)।




दिनांक 28.06.23 को ग्राम अमनदोन निवासी कपिल राम कंवर ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 जून के रात्रि में इसे एक महिला ने बताया कि बड़ा लड़का अनिरूद और छोटा लड़का रूद्रप्रसाद आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे है सूचना पाकर यह वहां गया तो देखा कि लड़का रूद्र प्रसाद मृत पड़ा है और अनिरूद्द गड़ासा लिए खड़ा था जिसने बताया कि रूद्र कुछ दिन पहले अपना मोबाईल को बेच दिया था और दोपहर में नया मोबाईल मांग रहा था इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ जिस कारण गड़ासा से मारकर रूद्र की हत्या कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना प्रतापपुर में अपराध क्रमांक 151/23 धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण ऐलिसेला ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। थाना प्रतापपुर पुलिस ने दबिश देकर प्रकरण के आरोपी अनिरूद पिता कपिल राम कंवर उम्र 27 वर्ष निवासी अमनदोन, थाना प्रतापपुर को पकड़ा जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त गड़ासा जप्त कर उसे गिरफ्तार किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा, एसआई नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, मनोज केरकेट्टा, आरक्षक हरिचंद दास, अवधेश कुशवाहा, प्रवीण पैंकरा व निरंजन एक्का सक्रिय रहे।

## जुआ-सट्टा के विज्ञापन एवं प्रचार-प्रसार पर सरगुजा पुलिस की कार्रवाई




- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जून 2023 (घटती-घटना)।

जुआ-सट्टा के विज्ञापन एवं प्रचार-प्रसार करने के मामले में सरगुजा पुलिस ने यूट्यूब में स्काई 247 नामक चैनल के संचालक एवं संचालन में सहयोग करने वाले आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। जानकारी के अनुसार यूट्यूब में स्काई 247 नामक चैनल द्वारा विडिओ डालकर अवैध जुआ सट्टा के माध्यम से कम समय में अधिक आर्थिक लाभ कमाने के तरीके बताकर स्काई एक्सचेंज ऐप को डाउनलोड कर उपयोग करने के आसान तरीके बताकर सट्टा जैसे अवैध कार्यो का प्रचार प्रसार किया जा रहा था। एवं युवाओं को अवैध कार्यों में लिप्त होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा था। मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर आईजी राम गोपाल गर्ग एव प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देशन में अवैध जुआ सट्टा खिलाने एवं प्रोत्साहित करने में लिप्त आरोपियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी के तहत एएसपी विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी एवं पुलिस टीम द्वारा मामले में छत्तीसगढ़ के नये जुआ सट्टा अधिनियम के तहत अवैध जुआ सट्टा के विज्ञापन एवं प्रचार-प्रसार करने पर कार्रवाई करते हुए स्काई एक्सचेंज ऐप एवं स्काई 247 चैनल के संचालक एवं संचालन में सहयोग करने वाले आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 11 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस मामले में शामिल आरोपियों का पता तलाश किया जा रही है।

## अम्बिकापुर का स्वच्छता अवशिष्ट प्रबंधन का अध्ययन करने पहुंचे अमेरिका के प्रो.जेरो एंथॉनी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 जून 2023 (घटती-घटना)।

अमेरिका लोव सीटी के प्रोफेसर डॉ. जेरो एंथॉनी स्वच्छता अवशिष्ट प्रबंधन का विस्तृत अध्ययन करने दो दिवसीय दौरे पर अंबिकापुर पहुंचे हैं। दौरे के पहले दिन बुधवार को स्वच्छता दीदियों से चर्चा की और डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के कार्यों को अवलोकन किया। इन्होंने स्वच्छता दीदियों के कार्यो को तारीफ किया। उन्होंने कहा कि मैं स्वच्छता को लेकर अन्य देशों में भी शोध भ्रमण करते रहता हैं। अंबिकापुर के स्वच्छता के कार्यों के बारे में अन्य देशों को भी बताएंगे।

नगर निगम अंबिकापुर में चल रहे एसएलआरएम मॉडल के अध्ययन हेतु अमेरिका के लोव सीटी के प्रोफेसर डॉ. जेरो एंथॉनी दो दिवसीय प्रवास पर अंबिकापुर पहुंचे हैं। इनके प्रवास का मुख्य उद्देश्य अंबिकापुर में स्वच्छता दीदियों के माध्यम से चल रहे अपशिष्ट प्रबंधन का विस्तृत अध्ययन करना है। भ्रमण के पहले दिन बुधवार को शहर के पुलिस लाइन, नवापारा, न्यू बस स्टैंड, क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान स्वच्छता दीदीयों एवं नागरिकों से इस व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। इन्होंने डीसी रोड, नवापारा, न्यू बस स्टैंड, घुटरापारा, संजय पार्क एसएलआरएम सेंटर का भ्रमण किया। भ्रमण में इनके द्वारा दीदियों से बात करते हुए कचरा संग्रहण, प्रोसेसिंग, कचरा विक्रय और यूजर चार्ज के संबध में जानकारी ली गई। साथ ही मरीन ड्राइव में चल रहे डक शेड का भी भ्रमण किया गया। भ्रमण के पश्चात डाटा सेंटर में महापौर डॉ. अजय तिर्की, सभापति, अजय अग्रवाल निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई एवं एमआईसी प्रभारी शफी अहमद के साथ अंबिकापुर मॉडल के संबध में विस्तृत चर्चा किया। इस दौरान महापौर एवं सभापति द्वारा योजना के प्रारंभ से अब तक की स्वच्छता गतिविधि और प्रशासनिक, नागरिक सहयोग के बारे में बताया गया। निगम आयुक्त द्वारा अंबिकापुर में दीदियों के कार्यों और इस कार्य में नगर के जन प्रतिनिधिगण के उत्कृष्ट सहयोग के बारे में बताया गया।



### कई देशों के लिए बताया अनुकरणीय उदहारण

अमेरिका से आए प्रोफेसर प्रोफेसर डॉ. जेरो एंथॉनी ने अंबिकापुर स्वच्छता मॉडल की तारीफ की। उन्होंने इसे कई देशों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बताया। इन्होंने अपने दो दिवसीय भ्रमण के दौरान अंबिकापुर के दीदियों के कार्यों, निगम की टीम का प्रबंधन एवं निगम के जन प्रतिनिधिगण द्वारा दलगत भावना से हटकर इस मॉडल में एक साथ सहयोग की भावना को सराहा गया। इसके पश्चात महापौर, सभापति, आयुक्त, एमआईसी प्रभारी एवं प्रोफेसर डॉ. जेरो एंथॉनी द्वारा स्वच्छता दीदी द्वारा ड्राइविंग प्रशिक्षण पूर्णता उपरांत ऑटो टीपर को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त के निर्देश पर एसएलआरएम की 5 स्वच्छता दीदियों को ऑटो टीपर चलाने का प्रशिक्षण दिया गया है। ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त होने के बाद बुधवार से ये 5 दीदी ऑटो टीपर चलाना प्रारंभ कर रही हैं।

## पाकिस्तान की मुद्रा में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज

इस्लामाबाद । पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) में पिछले वित्तीय वर्ष में डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड 28 प्रतिशत या लगभग 82 पीकेआर की गिरावट आई है, ब्रोकरेज हाउस ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की बेलआउट योजना का परिणाम है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंटरबैंक बाजार में पीकेआर मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 286 पर फिसल गया, जबकि 30 जून 2022 को यह 204.8 पर था। हालांकि पीकेआर में दैनिक आधार पर डॉलर के मुकाबले 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। सोमवार को डॉलर के मुकाबले समापन मूल्य 286.71 पर देखा गया। वित्तीय वर्ष 2023 पाकिस्तान के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा। शोध प्रमुख फहद रऊफ ने कहा कि पीकेआर मुख्य रूप से आईएमएफ के दबाव में आया। रऊफ ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 फिर से चुनौतीपूर्ण होने जा रहा है क्योंकि यह चुनावी वर्ष है। कराची स्थित ब्रोकरेज फर्म के हवाले से कहा गया कि अगर पाकिस्तान मौजूदा समीक्षा को पूरा करने में कामयाब हो जाता है, तब रुपये पर दबाव कुछ हद तक कम होगा। हालांकि यह तभी संभव हैं, जब पाकिस्तान किसी अन्य आईएमएफ कार्यक्रम में शामिल होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि रुपये में गिरावट ऋण अदायगी में आई चुनौतियों के कारण हुआ है। 1.1 बिलियन डॉलर की किश्त जारी करने के लिए पाकिस्तान आईएमएफ के साथ समझौते की प्रतीक्षा कर रहा है। छह महीने से अधिक समय से रुका देश का ऋण कार्यक्रम 30 जून को समाप्त हो रहा है।

## ग्वांतानामो बे में कैदियों के साथ बेहद क्रूर, अमानवीय और अपमानजनक व्यवहार हो रहा

जिनेवा। ग्वांतानामो बे में अमेरिकी हिरासत केंद्र का दौरा करने वाली संयुक्त राष्ट्र की पहली स्वतंत्र जांचकर्ता ने कहा कि वहां बंद 30 पुरुष कैदियों के साथ अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत बेहद क्रूर, अमानवीय और अपमानजनक व्यवहार हो रहा है। आयरलैंड में कानून की प्रोफेसर फियोनुआला नी आओलेन ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के लिए अपनी 23 पन्नों की रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि 2001 में न्यूयॉर्क, वाशिंगटन और पेन्सिल्वेनिया में हुए आतंकवादी हमले, जिनमें लगभग 3,000 लोग मारे गए थे, मानवता के खिलाफ अपराध थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि हमलों के बाद के वर्षों में कथित साजिशकर्ताओं और उनके सहयोगियों को अमेरिका द्वारा दी जा रही यातना और उनके साथ किया जा रहा दुर्व्यवहार अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का उल्लंघन है। नी आओलेन ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने उनके रूप में संयुक्त राष्ट्र के किसी जांचकर्ता को पहली बार ग्वांतानामो बे हिरासत केंद्र का दौरा करने की इजाजत दी है, जिस 2002 में खोला गया था। उन्होंने ग्वांतानामो बे तक पहुंचने की अनुमति देकर उदाहरण पेश करने और सबसे कठिन मानवाधिकार मुद्दों पर ध्यान देने के लिए तैयार रहने के वास्ते राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की तारीफ की। नी नाओलेन ने कुछ अन्य देशों से भी बाइडन प्रशासन के नक्शेकदम पर चलने का आग्रह किया, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र को हिरासत केंद्रों तक पहुंच प्रदान करने से इनकार किया है। संरा जांचकर्ता ने बताया कि उन्होंने जिन-जिन चीजों की अनुमति मांगी थी, उन्हें सब प्रदान की गई। इसमें क्यूबा स्थित हिरासत केंद्र में 'उच्च वरीयता' और 'गैर-उच्च वरीयता' वाले बंदियों के साथ बैठक की अनुमति भी शामिल है। नी आओलेन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि कैदियों के लिए हिरासत केंद्र की परिस्थितियों में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं, लेकिन उन्होंने वहां लगातार बेहद क्रूर, अमानवीय और अपमानजनक व्यवहार का सामना कर रहे 30 पुरुष बंदियों को लेकर गहरी चिंता व्यक्ति की। मैंने महसूस किया कि दो दशक से अधिक समय की हिरासत के बावजूद कैदियों का उत्पीड़न जारी है। मैं जिन भी कैदियों से मिली, उनमें से हर एक को सजा, यातना और मनमाने ढंग से हिरासत में रखने की प्रक्रिया के कारण लगातार हानि का सामना करते हुए जीवन जीना पड़ा। संरा जांचकर्ता ने कई सिफारिशें भी कीं और कहा कि ग्वांतानामो बे हिरासत केंद्र को बंद किया जाना चाहिए। इस पर अमेरिका ने एक बयान जारी कर कहा, कैदी सद्भाव के साथ रहते हैं और मिलकर भोजन पकाते हैं, उन्हें विशेष चिकित्सा और मानसिक देखभाल उपलब्ध कराई गई है, उन्हें कानूनी सलाह तक पूरी पहुंच दी गई है, वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ नियमित रूप से संवाद कर सकते हैं।

## अमेरिका ने बदला प्रस्ताव, भारत को नाटो प्लस का दर्जा नहीं

न्यूयार्क । अमेरिका सरकार ने भारत को नाटो प्लस दर्जा देने की कार्रवाई को रोक दिया है। अमेरिकी संसद की सिलेक्ट कमेटी ने कुछ दिन पहले ही भारत को नाटो प्लस का दर्जा देने की अनुशंसा की थी। भारत ने इस प्रस्ताव पर ठंडा रुख दिखाया, जिसके कारण सोमवार को अमेरिका के निचले सदन की प्रतिनिधि सभा में संशोधित प्रस्ताव रखा है। इसमें भारत को नाटो प्लस का दर्जा देने का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। पिछले हफ्ते जो पूरक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। उसमें से भी नाटो प्लस शब्द को हटा दिया गया है। नाटो प्लस में अभी 5 देश शामिल हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इजरायल, जापान और दक्षिण कोरिया हैं। नाटो देशों की सदस्य संख्या 31 है। अमेरिका के साथ सभी के सामरिक समझौते हैं।

## साल 2023 में 18 लाख से अधिक हज यात्रियों ने हज किया

रियाद । सऊदी अरब सरकार ने बताया कि इस साल 150 से अधिक देशों के 18 लाख से अधिक हज यात्रियों (जायरीनों) ने हज किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जनरल अथॉरिटी फॉर स्टैटिस्टिक्स ने कहा कि अरब देशों से हज यात्रियों की संख्या 346,000 से अधिक या कुल का 21 प्रतिशत तक पहुंच गई। एशियाई देशों से 10 लाख से अधिक लोग हज करने के लिए सऊदी अरब पहुंचे, जो कुल हज यात्रियों का 63.5 प्रतिशत हैं। लगभग 223,000 अन्य यात्री यानी 13.4 प्रतिशत अरब देशों से इतर अफ्रीकी देशों से आए। रिपोर्ट के अनुसार, 36,500 से अधिक हज यात्रियों ने यूरोप, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अन्य असूचीबद्ध देशों से सऊदी अरब की यात्रा की, जो कुल हज यात्रियों का 2.1 प्रतिशत हैं।

## रुस ने यूक्रेन पर किए ताबड़तोड़ हमले, चार की मौत

कीव । रूस में तख्तापलट शांत होते ही यूक्रेन में हमला बढ़ गया है। रूस ने ताबड़तोड़ यूक्रेन के दो शहरों मिसाइल हमले किए। एक रूसी मिसाइल ने पूर्वी यूक्रेन में क्रामाटो?स्र्क के मध्य में एक हलचल वाले स्थान पर हमला किया। हमले में एक बच्चे सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार डोनेट्स्क क्षेत्र के सैन्य प्रशासन के प्रमुख पावलो किरिलेंको ने बताया कि रूस का यूक्रेन पर यह हमला करीब 7-30 बजे हुआ। उन्होंने कहा कि 'हम अब शहर में घायलों और संभवतः मृतकों की संख्या पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं। हमला जिस जगह पर हुआ वह शहर का केंद्र है और यहां नागरिकों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है। दूसरा मिसाइल हमला शहर के बाहरी इलाके में एक गांव पर हुआ। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि 'रूस ने जानबूझकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों को निशाना बनाया। हमले के तुरंत बाद, आपातकालीन सेवाएं घायलों की मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंच गईं। बता दें कि 24 फरवरी, 2022 को शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध ने कई लोगों की जान ले ली है और दोनों देशों के बीच अब भी युद्ध जारी है।

## लॉस एंजेलिस में पड़ रही झुलसा देने वाली गर्मी, गर्मी ने सर्वकालिक रिकॉर्ड स्थापित कर दिया

लॉस एंजेलिस। दक्षिणी अमेरिका के अधिकांश हिस्से को झुलसाने वाली भीषण गर्मी इस सप्ताह भी देश के अन्य क्षेत्रों में फैलती जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले सप्ताह गर्मी की लहर ने टेक्सास, ओक्लाहोमा, न्यू मैक्सिको सहित देश के अन्य दक्षिणी हिस्सों को झुलसा दिया है। इस गर्मी ने सर्वकालिक रिकॉर्ड स्थापित कर दिया। यूएस नेशनल वेदर सर्विस (एनडब्ल्यूएस) के अनुसार, पश्चिम टेक्सास के सैन एंजेलो में जून में दो बार 114 डिग्री फ़ारेनहाइट तापमान दर्ज किया गया, जो वहां अब तक दर्ज किया गया सबसे अधिक तापमान है। डेल रियो का सीमावर्ती शहर पहली बार 115 डिग्री फ़ारेनहाइट तक पहुंच गया।



बांग्लादेश में ईद-उल-अजहा के अवसर पर अपने घरों को जाने के लिए सदरघाट टर्मिनल पर उमड़ पड़े।

## बेलारूस के राष्ट्रपति ने वैगनर चीफ को दी चेतावनी, खटमल की तरह मसल देंगे

लंदन । बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने वैगनर प्रमुख को कड़ी चेतावनी दी है। राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको का कहना है कि उन्होंने वैगनर प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन को चेतावनी दी है कि अगर उनकी सेना रूसी राजधानी की ओर अपना मार्च जारी रखती है तो उन्हें खटमल की तरह मसलकर नष्ट कर दिया जाएगा। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी है कि लुकाशेंको ने येवगेनी प्रिगोझिन से कहा कि आधे रास्ते में आपको खटमल की तरह कुचल दिया जाएगा। लुकाशेंको ने कहा कि प्रिगोझिन ने उनसे कहा कि हम न्याय चाहते हैं! वे हमारा गला घोंटना चाहते हैं। हम मास्को जाएंगे। बेलारूसी राष्ट्रपति ने कहा कि लंबे समय से, मैं उसे (प्राइगोझिन) समझाने की कोशिश कर रहा था। और अंत में, मैंने कहा, आप जानते हैं, आप जो चाहें कर सकते हैं। लेकिन मुझसे नाराज़ मत होना। हमारी ब्रिगेड मास्को में स्थानांतरित होने के लिए तैयार है। इस मामले में लुकाशेंको ने कहा कि उन्होंने प्रिगोझिन को बताया कि यह स्थिति केवल रूस की चिंता नहीं करती है। यह सिर्फ इसलिए नहीं है क्योंकि यह हमारी पितृभूमि है और क्योंकि, भगवान न करे, यह उथल-पुथल पूरे रूस में फैल जाएगी, और इसके लिए आवश्यक शर्तें बहुत बड़ी थीं, हम अगले थे। बेलारूसी राष्ट्रपति लुकाशेंको के अनुसार, वैगनर नेता प्रिगोझिन मंगलवार को बेलारूस पहुंचे। बेलारूस के सरकारी टीवी के अनुसार, लुकाशेंको ने कहा कि मैं देख रहा हूं कि प्रिगोझिन पहले से ही इस विमान पर उड़ान भर रहे हैं। हां, वास्तव में वह आज बेलारूस में हैं। हालाकि एक रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सुरक्षाकर्मियों से कहा था कि वैगनर बलों के असफल विद्रोह के जवाब में उन्होंने लगभग एक गृह युद्ध रोक दिया है।

# भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे श्रीलंका की जमीन का इस्तेमाल, राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की ड्रैगन को दो टूक



**कोलंबो (एजेंसी)।** राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि श्रीलंका को भारत के खिलाफ किसी भी खतरे के लिए आधार के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि द्वीप राष्ट्र तटस्थ रहेगा और चीन के साथ उसका कोई सैन्य समझौता नहीं होगा। ब्रिटेन और फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर गए विक्रमसिंघे ने सोमवार को फ्रांस की सरकारी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की है।

### चीन का कोई सैन्य आधार श्रीलंका में नहीं

फ्रांस24 के साथ एक साक्षात्कार में विक्रमसिंघे ने कहा कि हम एक तटस्थ देश हैं, लेकिन हम इस तथ्य पर भी जोर देते हैं कि हम श्रीलंका को भारत के खिलाफ किसी भी खतरे के लिए आधार के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दे सकते। श्रीलंका में चीन की कथित सैन्य उपस्थिति के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि चीनी देश में लगभग 1500 वर्षों से हैं और अब तक कोई सैन्य अड्डा नहीं है।

### हंबनटोटा बंदरगाह के चीनी पट्टे का भी किया जिक्र

विक्रमसिंघे ने इस बात पर जोर दिया कि द्वीप राष्ट्र का चीन के साथ कोई सैन्य समझौता नहीं है और कहा कि कोई सैन्य समझौता नहीं होगा। मुझे नहीं लगता कि चीन इसमें शामिल होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि हंबनटोटा के दक्षिणी बंदरगाह के चीनियों द्वारा सैन्य उपयोग का कोई मुद्दा नहीं है, जिसे बीजिंग ने 2017 में ऋण अदला-बदली के रूप में 99 साल के पट्टे पर ले लिया था।

### हिंद महासागर में चीन की मौजूदगी

पिछले साल श्रीलंका ने चीनी बैलेस्टिक मिसाइल एवं उपग्रह टोही जहाज युवआ वांग पांच को हंबनटोटा बंदरगाह पर ठहरने की अनुमति दी थी जिससे रणनीतिक हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी को लेकर भारत एवं अमेरिका में चिंता पैदा हो गई थी। भारत को इस बात की आशंका थी कि श्रीलंका बंदरगाह पर जाने के दौरान इस जहाज का टोही तंत्र भारतीय प्रतिष्ठानों की जासूसी करने का प्रयास कर सकता है।

## पाकिस्तान को पैसों की जरुरत, आईएमएफ की चीफ को शहबाज ने किए 6 दिन में चार कॉल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पड़ोसी देश पाकिस्तान की माली हालत दिनों दिन खराब होती जा रही है। यही वजह है कि आईएमएफ की चीफ को पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने पिछले छह दिन में चार बार फोन पर संपर्क किया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि विभिन्न बिंदुओं पर 'पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बीच सहमति' से एक या दो दिन में बेलआउट पैकेज फिर से शुरू हो जाएगा। शहबाज शरीफ का बयान आईएमएफ की प्रबंध निदेशक (एमडी) क्रिस्टालिना जॉर्जीवा को किए गए उनके फोन कॉल के बाद आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक छह दिनों में ऋणदाता की बॉस के साथ उनका यह चौथा संपर्क था। यहां गौरतलब है कि पाकिस्तान ने रुके हुए कार्यक्रम को पुनर्जीवित करने के लिए ऋणदाता की कई शर्तों को पूरा किया है। इसके साथ ही 30 जून को कार्यक्रम की समाप्ति तक एक सप्ताह से भी कम समय बचा हुआ है। पाकिस्तान ने 11 सूचीबद्ध कार्यक्रम समीक्षाओं में से आठ को मंजूरी दे दी है, जबकि नौवीं समीक्षा पिछले साल नवंबर से लंबित है। नौवीं समीक्षा में 1.1 बिलियन डॉलर की किश्त जारी की जाएगी, जिससे अनलॉक फंड में लगभग 1.4 बिलियन डॉलर मेज पर रह जाएंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि आईएमएफ समझौते से पूरी राशि जारी होगी या नहीं।

गौरतलब है कि बाहरी वित्तपोषण आवश्यकताओं और कार्यक्रम के लक्ष्यों को पूरा करने वाले बजट सहित नीतिगत कार्रवाइयों पर फंड और इस्लामाबाद के बीच मतभेदों के कारण नौवीं समीक्षा रुकी हुई थी। इस पर पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने कहा है कि सरकार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से सभी 2.6 अरब डॉलर की रुकी हुई धनराशि प्राप्त करने के लिए एक तंत्र की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि देश जल्द ही रुके हुए बेलआउट पैकेज के संबंध में गुड न्यूज सुनेगा, अगले एक या दो दिन महत्वपूर्ण हैं क्योंकि हम 9वीं समीक्षा को पूरा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

## जॉनसन एंड जॉनसन के खिलाफ केस दर्ज, बेबी पाउडर लगाने से हुआ कैंसर

वाशिंगटन । जॉनसन एंड जॉनसन के खिलाफ अमेरिका के कैलिफोर्मिया में एक और केस दर्ज हुआ है। आरोप लगाने वाले ने कहा कि बचपन में जॉनसन एंड जॉनसन बेबी पाउडर लगाने से कैंसर हुआ। वहीं कंपनी ने आरोपों को खारिज कर अपना बचाव किया है। केस करने वाले शख्स ने जूरी सदस्यों को बताया कि कैंसर की वजह से उसके जीवन में निराशा आ गई और इसके लिए वहां बचपन से उपयोग किये गए कंपनी के बेबी पाउडर को दोषी मानता है। अलमेडा काउंडी सुपीरियर कोर्ट में गवाही देकर शख्स ने रोते हुए जूरी के सदस्यों से कहा कि मैं अपने जीवन से निराश हो गया। मैं बस एक डरा हुआ छोटा बच्चा बन गया। अगर कंपनी ने पाउडर पर चेतावनी दी होती कि उसमें एस्बेस्टस है, तब कभी इसका इस्तेमाल ही नहीं करता। वहीं तमाम आरोपों पर कंपनी ने अपने बचाव में कहा कि हनर्डिज नामक शख्स की बीमारी फेफड़ों को प्रभावित करने की बजाय हृदय के आसपास के उतकों को प्रभावित करती है। ये काफी दुर्लभ है। खबरों के अनुसार हर्नांडेज का मुकदमा इस सप्ताह के अंत में समाप्त होने की उम्मीद है क्योंकि जॉनसन एंड जॉनसन कंपनी एक समझौते के माध्यम से इसी तरह के हजारों मुकदमों को हल करना चाहती है।

## ट्रंप ने चीन से खतरों पर बहुत कम काम किया : निक्की हेली




**कोलंबिया। (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने अपने कार्यकाल के दौरान चीन के साथ बहुत अधिक मित्रवत रहने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मंगलवार को आलोचना की, और चेतावनी दी कि यूक्रेन का कम समर्थन करने से चीन को ताइवान पर 'हमला करने' के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। ट्रंप के खिलाफ रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल हेली ने अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट में अपने संबोधन में कहा कि ट्रंप का ध्यान 'काफी हद तक अमेरिका-चीन व्यापार संबंध पर लगा रहा' और अंततः उन्होंने 'चीनी खतरे पर बहुत कम काम किया।''

हेली ने स्पष्ट रूप से कहा कि ट्रंप 'चीनी खतरे के विरूद्ध अमेरिका के सहयोगियों को एकजुट नहीं कर पाये और चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की 70वीं वर्षगांठ पर उन्होंने (चीन के) राष्ट्रपति शी चिनपिंग को बधाई दी। हेली ने कहा, '' इससे दुनियाभर में गलत संदेश गया। चीनी साम्यवाद की निंदा की जानी चाहिए, उसे कभी बधाई नहीं दी जानी चाहिए।

## वुहान के रिसर्चर ने ही खोल दी चीन की पोल,

### जैविक हथियार था कोरोना, 4 तरह के वायरस से दुनिया को तबाह करने का था प्लान?



**बीजिंग (एजेंसी)।** वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के एक शोधकर्ता ने कोरोना वायरस के बारे में एक चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि इस वायरस को चीन ने एक जैव हथियार के रूप में तैयार किया था और उनके सहयोगियों को यह पता लगाने के लिए वायरस के चार प्रकार दिए गए थे कि कौन सा सबसे अच्छा फैल सकता है। वुहान के एक शोधकर्ता चाओ शाओ ने इंटरनेशनल प्रेस एसोसिएशन के सदस्य जेनिफर ज़ेंग के साथ एक विशेष साक्षात्कार में ये चौंकाने वाले खुलासे किए। जेंग चीन और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी और अनूठी अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

26 मिनट के साक्षात्कार में चाओ शाओ ने एक किस्सा साझा किया कि कैसे वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के एक अन्य शोधकर्ता शान चाओ ने स्वीकार किया कि उनके वरिष्ठ ने उन्हें कोरोना वायरस के चार प्रकार दिए थे और उनसे परीक्षण करने और यह पता लगाने के लिए कहा था कि उनमें से कौन सा सबसे अच्छा था। अधिक से अधिक प्रजातियों को संक्रमित करने की क्षमता, और यह भी पता लगाना कि मानव सहित अन्य प्रजातियों को संक्रमित करना कितना आसान था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनके कई सहयोगी वुहान में 2019 सैन्य विश्व खेलों के दौरान लापता हो गए थे।

इसके अलावा, अप्रैल 2020 में चाओ शान ने कहा कि उन्हें उइगरों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच करने के लिए झिंजियांग भेजा गया था। साक्षात्कार में चाओ ने बताया कि स्वास्थ्य जांच करने के लिए किसी वायरोलॉजिस्ट की आवश्यकता नहीं होती है, उन्होंने दृढ़ता से कहा कि उन्हें या तो वायरस फैलाने के लिए वहां भेजा गया था या यह देखने के लिए कि वायरस मनुष्यों पर कैसे काम करता है।

# मोदी की अमेरिका यात्रा का आउटकम: विस्तारित साझेदारी की आसामानी उड़ान, ऊंचाईयों को छू रहे संबंधों की दास्तान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के दौरान आठवीं बार 21 से 23 जून 2023 तक संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा किया। यह यात्रा भारत-अमेरिका साझेदारी की गतिशीलता और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वाशिंगटन के साथ संबंधों को दिए जाने वाले महत्व का प्रतीक है। अपने नौ साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे अधिक बार अमेरिका की यात्रा की है। प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रपति जो बाइडेन और जिल बिडेन द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका की उनकी पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था क्योंकि अमेरिका में राजकीय दौरे कम ही होते हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने आखिरी बार जून 2016 में अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया था। वह एकमात्र भारतीय नेता और बहुत कम विश्व नेताओं में से एक हैं, जिन्हें एक से अधिक बार अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए अमेरिका जाने वाले अंतिम भारतीय नेता 2009 में मनमोहन सिंह थे। सिंह ने 2005 में अमेरिकी कांग्रेस को भी संबोधित किया था।

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा और अमेरिकी कांग्रेस को संबोधन यह दर्शाता है कि राष्ट्रपति बाइडेन भारत के साथ अमेरिकी साझेदारी को कितना महत्व देते हैं और इसे इस स्तर तक लाने में प्रधानमंत्री मोदी का योगदान है। इस यात्रा ने स्वतंत्र, खुले, समृद्ध और समावेशी हिंद-प्रशांत के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। भारत में पिछले 23 वर्षों में सभी प्रधानमंत्रियों ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करने के लिए काम किया है। भारत-अमेरिका संबंधों के विकास में प्रधान मंत्री मोदी का योगदान उल्लेखनीय रूप से महत्वपूर्ण रहा है। दोनों देशों के बीच जीवंत संबंधों के लिए दोनों देशों में मजबूत द्विदलीय समर्थन मौजूद है। इसने भारत-अमेरिका साझेदारी को मौजूदा समय में सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक रिश्तों में से एक बना दिया है।



CMYK

# एकलव्य आवासीय विद्यालय पोडीडीह खड़गवां में वर्ष 2018 से 2021 तक जमकर हुआ भ्रष्टाचार,जांच में भ्रष्टाचार की पुष्टि पर कार्यवाही का इंतजार

## तत्कालीन प्राचार्य ने भ्रष्टाचार की लिखी इबारत,क्रय समिति सदस्यों ने कहा हमे पता ही नहीं की हम हैं सदस्य

» करोड़ों का हुआ भ्रष्टाचार,कोरोना काल में जब विद्यालय व छात्रावास सभी थे बंद फिर भी क्यों हुई खरीदी?

» अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खड़गवां ने मामले की शिकायत पर कराई जांच,जांच में भ्रष्टाचार की हुई पुष्टि

» जांच में भ्रष्टाचार की पुष्टि के बाद भी तत्कालीन प्राचार्य पर नहीं हुई कार्यवाही,प्राचार्य विकासखंड शिक्षाधिकारी स्वयं थे



-रवि सिंह-

**एमसीबी/खड़गवां 28 जून 2023 (घटती-घटना)।** भ्रष्टाचार व घोटाला इस समय एक कैंसर का रूप ले चुका है, यही वजह है कि यह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, और लगता भी नहीं कि यह खत्म होगा क्योंकि खत्म करने के उद्देश्य से कोई तैयारी नहीं हो रही है, भ्रष्टाचार नाम के कैंसर को ईमानदार नाम की सत्ता ही खत्म कर सकती है और वह ना जाने कब यह सत्ता आएगी और ईमानदारी से काम होगा? भ्रष्टाचार ने शिक्षा के मंदिर को भी नहीं छोड़ा है यहां पर भी भ्रष्टाचार होता दिखने लगा है, कुछ ऐसा ही मामला एकलव्य आदिवासी विद्यालय पोड़ीडीह खड़गवां का सामने आया है जहां खरीदी के नाम पर भ्रष्टाचार होने की बात सामने आ रही है, करोना से पहले और करोना के समय जमकर खरीदी के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी जांच भी 2 साल पहले शुरू हुई थी पर अचानक जांच भी ठंडे बस्ते में चली गई, यह घोटाला या भ्रष्टाचार अविभाजित कोरिया जिले के समय हुआ था और जांच भी उसी समय शुरू हुई थी पर अंततः राजनीतिक प्रभाव में यह जांच ना जाने कहां अटक गई और किसके टेबल पर यह जांच वाली फाइल धूल खा रही है इसका पता नहीं, पर सूत्रों का मानना है कि जांच प्रतिवेदन में भ्रष्टाचार होने की पुष्टि हो गई थी और भ्रष्टाचार के पीछे किसका हाथ था यह भी नाम सामने आ चुका था, फिर भी सिर्फ इंतजार था तो उस कार्यवाही का जो आज तक इंतजार में ही चल रहा है। सूत्रों के अनुसार से यह जानकारी मिल रही है कि अब कार्यवाही के लिए नवीन जिले के कलेक्टर के पास फाइल पड़ी हुई है, पर यह कार्यवाही होगी या नहीं होगी यह तो समय के गर्त में है पर इतने बड़े भ्रष्टाचार पर यदि कार्यवाही नहीं होती है तो इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार करने वालों को संरक्षण दे रही है।

ज्ञात हो की एकलव्य आदिवासी विद्यालय सरकार की आदिवासी बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय के संदर्भ में एक महत्वाकांक्षी विद्यालय योजना है जहां आदिवासी समुदाय के छात्रों को आवासीय विद्यालय की सुविधा प्रदान की जाती है और उन्हे विद्यालय में ही समस्त सुविधाएं प्रदान करते हुए उनके अध्यापन पर ध्यान दिया जाता है। वहीं खड़गवां के पोड़ीडीह एकलव्य आदिवासी विद्यालय में आदिवासी छात्रों को सुविधा सहित शिक्षा प्रदान करने के मामले में भ्रष्टाचार किया गया है वह भी तब जब विद्यालय बंद था और देश वैश्विक महामारी से गुजर रहा था। वर्ष 2018 से वर्ष 2021 तक इस विद्यालय में खरीदी मामले में जमकर भ्रष्टाचार हुआ और जमकर खरीदी की गई जबकि विद्यालय में छात्र उपस्थित ही नहीं थे विद्यालय बंद था। तत्कालीन प्राचार्य जो विकासखंड शिक्षा अधिकारी का भी दायित्व सम्हाल रहे थे उन्ही के कार्यकाल का पूरा मामला है जो जांच में भी भ्रष्टाचार किया गया इस बात की पुष्टि हुई है। तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी सह प्राचार्य एकलव्य आदिवासी विद्यालय ने खरीदी में जमकर भ्रष्टाचार किया और अपनी राजनीतिक पहुंच से आज तक वह पूरे मामले में बेदाग बचे हुए हैं जबकि जितनी जांच हुई है उतनी ही उन्हे दोषी साबित करने के लिए काफी है जिसमे विद्यालय के कर्मचारियों का भी बयान दर्ज है। दैनिक घटती-घटना इस की पुष्टि नहीं करता पर दस्तावेज हाथ लगे है उस अधार पर खबर तयार की गई है और मामला जांचा का विषय है।

### राजनीतिक संरक्षण में बच जाएंगे या फिर होगी कार्यवाही

सूत्रों से मिले दस्तावेजों की माने तो तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां सह प्राचार्य एकलव्य आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह जिनके कार्यकाल में एकलव्य आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में खरीदी में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है और जिसकी जांच में यह साबित भी हुआ है की भ्रष्टाचार हुआ है के ऊपर कार्यवाही होती है या नही क्या वह राजनीतिक पकड़ का फायदा लेकर बच निकलेंगे यह देखने वाली बात होगी। बताया जाता है की तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां सह प्राचार्य एकलव्य आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह सत्ताधारी दल के काफी नजदीक हैं और उनके घर के लोग सक्रिय राजनीति में हैं और इसी वजह से जांच में भ्रष्टाचार की पुष्टि होने के बाद भी कार्यवाही लंबित है।

### जांच की फाइल नवीन कलेक्टर के समक्ष

जांच जो आवासीय विद्यालय में हुए भ्रष्टाचार के लिए हुई है उसका प्रतिवेदन नवीन कलेक्टर जिला एमसीबी के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। अब नए कलेक्टर जांच रिपोर्ट के आधार पर कब कार्यवाही करते हैं इसका इंतजार है। वैसे बताया जा रहा है की मामले को ठंडे बस्ते में डालने के लिए राजनीतिक दबाव भी डाला जा रहा है। अब देखना है की क्या नए कलेक्टर राजनीतिक दबाव में आते हैं या जांच रिपोर्ट देखकर कार्यवाही करते हैं।

### जांच के 2 साल बाद भी क्यों नहीं हुई कार्यवाही?

आदिवासी छात्र छात्राओं के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय शासन की महत्वाकांक्षी योजना है,वहीं इस महत्वाकांक्षी योजना में ही जिम्मेदार सेंध लगाने से बाज नहीं आ रहें हैं और भ्रष्टाचार कर अपनी जेब भर रहें हैं यह कहीं से आदिवासी समुदाय के छात्र छात्राओं के हित में नहीं है। एकलव्य आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में हुए भ्रष्टाचार की जांच पूरी हुए दो वर्ष बीत चुके हैं फिर भी मामले में कोई कार्यवाही अब तक नहीं हुई है और कार्यवाही क्यों नहीं हुई इसको लेकर सवाल खड़े हो रहें हैं। क्या कार्यवाही होगी या मामले को दबा दिया जाएगा यह भी सवाल अब खड़े हो रहें हैं।

### उपरोक्त जाँच से संबधित यह दस्तावेज लगे है जांच प्रतिवेदन में

**01. बिल व्हाउचर पंजी की प्रतिलिपि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 तक**
(ए) 2017-18 संलग्न पृष्ठ ए 19 से 33
(बी) 2018-19 संलग्न पृष्ठ ए 34 से2019-20 पृष्ठ ए 52 से संलग्न
(डी) 2020-21 संलग्न पृष्ठ ए 100 से
(ई) 2021-22 पृष्ठ ए 146 से 176 संलग्न

**02. केशबुक पंजी की प्रतिलिपि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 तक**
(ए) 2017-18 संलग्न पृष्ठ ए.177 से 186
(ब) 2018-19 संलग्न पृष्ठ के 187 से 194 तक
(स) 2019-20 संलग्न पृष्ठ क्र. 195 से 212 तक
(डी) 2020-21 संलग्न पृष्ठ ए 213 से 232।
(ई) 2021-22 संलग्न पृष्ठ ए 233 से 240

### क्या सत्ता का संरक्षण प्राप्त कर शिक्षा के मंदिर में भ्रष्टाचार करना जायज है?

सवाल यह भी खड़ा हो रहा है की सत्ता का संरक्षण प्राप्त कर क्या शिक्षा के मंदिर में भ्रष्टाचार करना जायज है। एकलव्य आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में जिस तरह से आदिवासी समुदाय के छात्र छात्राओं का हक भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाया गया उससे तो यह लगता है की सत्ता के संरक्षण में कुछ भी किया जा सकता है और मामले को रफा दफा भी कराया जा सकता है।

### मामले में उच्च स्तरीय जांच से खुलेंगे और भी कई पोल,भ्रष्टाचार का बड़ा खेल हो सकेगा उजागर

बताया जा रहा है की यदि मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए तो बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हो सकता है और किस तरह आदिवासी छात्र छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं को अपनी जेब भरने के लिए प्रयोग किया गया यह सामने आ सकेगा। अब देखना है की क्या जांच कर कार्यवाही होती है या मामला जैसा की बताया जा रहा है की संबंधित प्राचार्य को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है दबा दिया जाता है।

### शिक्षा के मंदिर को भी नहीं छोड़ रहे अधिकारी,भ्रष्टाचार को हर जगह बना लिया गया है शिष्टाचार


विडंबना कहें या नवीन व्यवस्था आज शिक्षा के मंदिर को भी भ्रष्टाचारी नहीं छोड़ रहे। एकलव्य आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह का मामला यह बताता है की भ्रष्टाचार शिष्टाचार हो चुका है और हर जगह इसका बोलबाला है। जिन्हे शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी दी गई है वंचितों और पिछड़ों की शिक्षा की जिम्मेदारी जिन्हे प्रदान की जा रही है वह उसी व्यवस्था में सेंध लगा रहें हैं और अपनी जेब भर रहें हैं।

### क्या आदिवासी आवासीय विद्यालय भ्रष्टाचार मामले में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लेंगे संज्ञान,क्या कार्यवाही की करेंगे अनुशंसा?

सवाल यह भी है की जिस आवासीय आदिवासी विद्यालय में यह भ्रष्टाचार हुआ है वह मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आता है और वर्तमान में वहां सत्ताधारी दल के ही विधायक हैं जो क्षेत्र के लिए बातें भी करते हैं। आदिवासी समुदाय हित की बात भी वह प्रमुखता से करते हैं ,क्या वह इस मामले में जो पोड़ीडीह आवासीय एकलव्य विद्यालय का मामला है भ्रष्टाचार का मामला है में वह संज्ञान लेंगे कार्यवाही की अनुशंसा करेंगे यह देखने वाली बात होगी।

### बच्चों को प्रदाय कि जा रही सुविधाओं की जांच करने पर निम्न तथ्य सामने आए

सूत्रों से मिले दस्तावेजों के अनुसार दिनांक 20/11/2021 को छात्रावास (बालक) का निरीक्षण करने पर पाया गया छात्रों के कमरे में पुराने गददे, पुरानी मटमैली चादरे बिछी है, कमरे अस्वच्छ व दुर्गंधयुक्त थे शौचालयों में स्वच्छता नही थी, वाश बेसिंग का ड्रेनेज पाईप गायब था। पूरा छात्रावास परिसर मूत्र के दुर्गंध से भरा हुआ था। स्टाफ से पूछने पर बताया गया की एक ही सफाई कर्मचारी है उसे भी अन्य कर्य में लगा दिया जाता है। कुल 310 गददों की खरीदी विगत 5 वर्षो की गई है। जबकि भौतिक सत्यापन में केवल 196 नये गददे प्राप्त हुए। बालक छात्रावास एक कक्ष में तीन बैड में 5 बच्चे रह रहे थे, जिसमे से एक बच्चे ने गददा ना होने की शिकायत की। छात्रो के समूह जो 6 वी 7 वी से 8 वी कक्षा के थे फटी पुरानी फुटबाल से खेल रहे थे, टी.वी. देखने की सुविधा नही है। बच्चे केवल आउट डोर गेम खेलते दिखाई दिये जबकी कैरम, चेस, जैसी समाग्री क्रय की गई है।



कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श संयुक्त आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह
खडगवॉ जिला–कोरिया(छ0ग0)

क्रमांक/ 340/एकलव्य स्था0/2021 पोड़ीडीह दिनांक 29.11.2021

//प्रमाण पत्र//

प्रमाणित किया जाता है कि एकलव्य आवासीय विद्यालय पोडीडीह खडगवा जिला कोरिया (छ0ग0) में कार्यालय कलेक्टर कोरिया के आदेश दिनांक 18.11.2021 व कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) खडगवां चिरमिरी के आदेश कमांक 1608/वाचक/2021 खडगवां दिनांक 18.11.2021 के परिपालन में विगत पॉच वर्षो की आय–व्यय, क्रय सामग्रियो का भौतिक सत्यापन एवं ,छात्रों को मिल रही सुविधाओं की जॉच हेतु उपस्थित जॉच दल की माग पर विद्यालय में उपलब्ध निम्न दस्तावेज प्रदाय किये गए:–

1. कैश बुक वर्ष 2017–2018 से 2021–2022 तक की मूल अवलोकन हेतु एवं मांगी गई प्रतिलिपि।
2. बिल वाउचर वर्ष 2017–2018 से 2021–2022 तक की मूल अवलोकन हेतु एवं मांगी गई प्रतिलिपि।
3. स्टॉक पंजी की यथा उपलब्ध प्रतिलिपि।
4. क्रय पंजी की यथा उपलब्ध प्रतिलिपि।
5. विद्यार्थी उपस्थिति पंजी की यथा उपलब्ध प्रतिलिपि।
6. प्रभार मे रहे प्राचार्य/अधीक्षक का प्रमाण पत्र कुल 498 पृष्ठ प्रतिलिपि प्रदत्त।

प्राचार्य 29/11/2021
ए0आ0स0आ0वि0 पोडीडीह
जिला–कोरिया(छ0ग0)
PRINCIPAL EMRHSS KOREA

### जांच रिपोर्ट के अनुसार खरीदी में यह थी कमिया

सूत्रों से मिले दस्तावेजों के अनुसार उपरोक्त जांच के दौरान जांच अधिकारियों के समक्ष दिनांक 23/11/2021 को एकलव्य आवासीय विद्यालय के अधिकारी / कर्मचारी एवं क्रय समिति के सदस्यों का बयान लिया गया है, जिसमे रामप्रसाद सिंह निवासी खड़गवां जिला कोरिया (छ.ग.) मुल पद शिक्षक एल.बी. वर्तमान पद बालक छात्रावास अधीक्षक एकलव्य अवासीय विद्यालय पोडीडीह के द्वारा बयान दिया गया है कि कार्यालय कलेक्टर ( आदिवासी विकास) जिला कोरिया (छ.ग.) के आदेश क्रमांक. 1565 बैकुन्ठपुर दिनांक 27/10/2021 के द्वारा दिनांक 02/11/2021 को तत्कालिक अधीक्षक विक्रम गिरी से प्रभार प्राप्त किया, तत्कालीन अधीक्षक विक्रम गिरी द्वारा प्रभार में कोई भी पंजी जैसे स्टाक पंजी, मेस पंजी, उपस्थिति पंजी नही दिया गया है। मेरे प्रभार ग्रहण के पश्चात् बालक छात्रावास का मुल्यांकन करने पर पता चला है कि आटोमेटिक शू पालिसर मशीन तथा ईग ब्रायलर मशीन नही पाया गया, साथ ही शौचालय का दरवाजा, पाईप, नल, बेसिन एवं सावर खराब है एवं बालक छात्रावास को पोतवाने की आवश्यकता है। लोहे के रेक एवं अलमारी सभी कमरे में नही है। पीने के पानी फिल्टर खराब है। (जिसकी रिपोर्ट के अनुसार सलंग्न पृष्ठ क्रमांक 502 से 505)।

### बालिका छात्रावास की अधीक्षिका का बयान...

सूत्रों से मिले दस्तावेजों के अनुसार जांच में श्रीमती रजनीं तिग्गा पति श्री समीर लकड़ा मूल पद शिक्षक एल.बी.वर्तमान पद बालिका छात्रावास अधीक्षिका बालिका एकलव्य अवासीय विद्यालय पोडीडीह के द्वारा बयान दिया गया है कि कार्यालय कलेक्टर ( आदिवासी विकास) जिला कोरिया (छ.ग.) के आदेश क्रमांक 597 बैकुन्ठपुर दिनांक 15/06/2018 के द्वारा दिनांक 22/06/2021 को श्रीमती संगीता सिंह तत्कालीन अधीक्षिका से प्रभार प्राप्त किया।

### तत्कालीन अधीक्षिका श्रीमती संगीता सिंह द्वारा प्रभार में कोई भी पंजी नहीं देना...

सूत्रों से मिले दस्तावेजों के अनुसार जांच में स्टाक पंजी, मेस पंजी, उपस्थिति पंजी एवं क्रय किए गए समान का विवरण पंजी नही दिया गया है। उपस्थिति पंजी मेरे द्वारा तैयार किया गया है जो कि जांच के दौरान प्रमाणित नही किया गया था, उपस्थिति पंजी में काट-छाट त्रुटी सुधार हेतु किया गया है। छात्रावास में बालिकाओं को प्रदाय की गयी सुविधा में स्कूल यूनीफार्म 02 सेट देने का प्रावधान है परंतु वर्ष 2020-2021 में 01 सेट यूनीफार्म दिया गया, टाबेल प्रति विद्यार्थी 02 नग दिया जाना था परंतु 01 नग दिया गया । ईग ब्रायलर मषीन एवं शू पालिसर मषीन अभी तक प्रयोग नही किया गया है नहीं छात्रावास को प्राप्त है। मुझे क्रय समिति के सदस्य होने का ना ही आदेश दिया गया है ना ही क्रय समिति के बैठक में मेरे द्वारा भाग लिया गया है। एक दिन रजिस्टर एवं फाईल में हस्ताक्षर दबाव डाल कर करवाया गया। (संलग्न- पृष्ठ क्रमांक 506 से 509 एवं 519)

### अनिल कुमार साहू मूल पद शिक्षक एल0बी0 वर्तमान पद उप प्राचार्य एकलव्य आवासीय विद्यालय पोंडीडीह के द्वारा दिया गया बयान

अनिल कुमार साहू निवासी अखराडांड मूल पद शिक्षक एल0बी0 वर्तमान पद उप प्राचार्य एकलव्य आवासीय विद्यालय पोंडीडीह के द्वारा बयान दिया गया है कि कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला कोरिया (छ.ग.) के आदेश क. 2745 बैकुन्ठपुर दिनांक 29/07/2015 के परिपालन में दिनांक 30/07/2015 को एकलव्य आवासीय विद्यालय पोंडीडीह में शिक्षक गणित के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला कोरिया (छ.ग.) के आदेश क. 3738 बैकुन्ठपुर दिनांक 01/03/2015 के परिपालन में दिनांक 30/07/ 2018 को छात्रावास का प्रभार प्राप्त किया। मेरे प्रभार के समय क्रय पंजी संधारित की गई थी, परन्तु मेरे द्वारा रामकुमार खुंटे अधीक्षक को सौप दिया गया था। वर्ष 2018-2019 क्रय पंजी को कभी भी मेरे द्वारा नही देखा गया है। वर्ष 2021 के क्रय समिति में सदस्य था। लेकिन मेरे द्वारा कभी भी बैठक में भाग नही लिया गया एवं मेरे जानकारी में बैठक आयोजित नही की गयी थी। क्रय पंजी में द्वारिका प्रसाद मिश्रा पूर्व प्राचार्य के कहने पर सभी रजिस्टर में मेरे द्वारा हस्ताक्षर किया गया। पूर्व प्राचार्य सुश्री बी0बडा तत्कालीन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी खडगवां के कार्यकाल में कभी भी क्रय समिति का बैठक नही किया गया। इस संस्था में एग बायलर मशीन एवं शू-पालीसर मशीन कभी नही देखा, बच्चों को केवल 101 सेट युनिफार्म 01 नग टावेल एवं चादर प्रदाय किया गया जाता है। (संलंग्न- पृष्ठ कमांक 510 से 515 एवं 520 )

### सरपंच ग्राम पंचायत पोडीडीह बयान के अनुसार समिति का गठन किया गया है इस बात की उन्हें जानकारी की नहीं है

अनिल सिंह पिता भीख सिंह सरपंच ग्राम पंचायत पोडीडीह जनपद पंचायत खडगवां द्वारा बयान दिया गया है कि एकलव्य आवासीय विद्यालय पोंडीडीह में क्रय समिति का गठन किया गया है, इस बात की जानकारी मुझे नही थी, न ही क्रय समिति में सदस्य हूँ की जानकारी थी। द्वारिका प्रसाद मिश्रा पूर्व प्राचार्य एकलव्य आवासीय विद्यालय पोंडीडीह के द्वारा बुलाकर सभी रजिस्टर एवं लिफाफा में हस्ताक्षर यह कहकर कराया गया कि जो भी सामग्री आया है, उसका सत्यापन किया जाना है। रजिस्टर में व्यय करने की राशि दर्ज नहीं की गयी थी। (संलग्नः- पृष्ठ क्रमांक 516.)

### एकलव्य अवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में रसोईया का बयान

महिपाल पिता श्री मोहर साय निवासी मंगोरा वर्तमान में एकलव्य अवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में रसोईया के पद पर पदस्थ है का कथन है कि मेरी पुत्री अंजली कक्षा 8 वीं में एकलव्य विद्यालय में अध्यनरत है। एकलव्य अवासीय विद्यालय में क्रय समिति का गठन हुआ है या मैं क्रय समिति का सदस्य हूँ कि जानकारी मुझे नही है। तत्कालिक प्राचार्य श्री द्वारिका प्रसाद मिश्रा कहने पर पर क्रय समिति के रजिस्टर में हस्ताक्षर किया हूँ (संलग्न- पृष्ठ कमांक 517.)

### एकलव्य अवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में चौकीदार का बयान

रामभजन पिता शिवमंगल सिह निवासी पोड़ीडीह वर्तमान में एकलव्य अवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में चौकीदार का कार्य करता हूँ । मेरी पुत्री कु.कविता कक्षा 10 वीं में अध्यनरत है। एकलव्य विद्यालय में क्रय समिति बनाया गया है एवं मैं उसका सदस्य हूँ कि जानकारी मुझे नही है। क्रय समिति के रजिस्टर में दिनांक 20/09/2018 को मेरा हस्ताक्षर किया गया है जो कि मेरा हस्ताक्षर नही हैं। (संलग्न-पृष्ठ कमांक 518.)

# अलग-अलग स्थानों से 60 पेटी शराब के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

» एमसीबी जिले के पुलिस अधीक्षक व मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी बदलते ही दिखने लगी कार्यवाहियां





-रवि सिंह-

**एमसीबी 28 जून 2023 (घटती-घटना)।** एमसीबी जिले के पुलिस अधीक्षक व मनेंद्रगढ़ के थाना प्रभारी बदलते हैं दिखने लगी अवैध कारोबार पर कार्यवाहियां, एमसीबी नवीन जिला बनने के बाद से पुलिसकर्मियों को लेकर बड़ी उठापटक थी, पुलिस की पुलिसिंग पर ही सवाल उठने लगा था पुलिस पर से लोगों का भरोसा भी कम हो चला था पर अचानक एमसीवी के पुलिस अधीक्षक का तबादला हुआ और चिरमिरी मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी के बदलने के बाद से एक बार फिर से पुलिसिंग समझ में आने लगी है, कार्यवाहियां अभी अब फिर से दिख रही है, नए पुलिस अधीक्षक सरगुजा आईजी रामगोपाल गर्ग के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने निर्देश के लिए कार्य करते नजर आ रहे हैं, जिसका नतीजा यह है कि उन्हें अभी आए महीने भी नहीं हुआ और कार्यवाही जमीन पर दिखने लगी, मनेंद्रगढ़ एवं खड़गवा थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से 60 पेटी शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया वहीं एक आरोपी फरार बताया जा रहा है इससे पहले भी एक गांजे को पकड़ने की कार्यवाही में भी सफलता मिली थी। वहीं कई तरह के अवैध कारोबार अभी बंद चल रहे हैं ऐसी जानकारी भी आ रही है।

मिलीजानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, सरगुजा राम गोपाल गर्ग के सतत मार्ग दर्शन में पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर सिद्धार्थ विवारी के निशा निर्देश में वे अंग्रेजी शराब के विरुद्ध कार्यवाही थाना मनेन्द्रगढ़ एवं खड़गवा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से 60 पेटी शराब के साथ कुल 03 आरोपी गिरफ्तार एक आरोपी है फरार। नशे के कारोबार में अंकुश लगाने के दिशा में एक और बड़ी कार्यवाही। आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना मनेन्द्रगढ़ व थाना खडगवा की विशेष टीम की भूमिका अहम रही। आरोपी राकेश कुमार दहिमा थाना मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र तथा तीन आरोपी को थाना खडगंदा क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपी राकेश कुमार दहिमा के विरुद्ध थाना मनेन्द्रगढ़ में तथा थाना खडगवा में तीन अन्य आरोपी राजलाल गोंड, बालमुकंद सिंह व तेरसपाल के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### ऐसे मिली सफलता...

अति पुलिस अधीक्षक महोदय निमेशकुमार वरैया, एडीओपी मनेन्द्रगढ़ राकेश कुर्रे, नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी पी.पी. सिंह द्वारा समय-समय पर थाना प्रभारियों को नशे के करोबार करने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है जिस पर मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे के करोबार करने वाले तस्करों पर सूचना एकत्रित की जा रही है इसी तारतम्य में दिनांक 27.06.2023 को थाना मनेन्द्रगढ़ एवं थाना खडगंवा क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानों में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध शराब परिवहन करने की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ़ तथा थाना प्रभारी खडगंवा को आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया कि जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि दीगर राज्य मध्यप्रदेश के बिजुरी क्षेत्र से दो व्यक्ति एक सफेद रंग की इनोवा कार वाहन क्रमांक सीजी 10 एफ 4710 में अत्यधिक मात्रा में अंग्रेजी शराब अवैध रूप लोड कर विजुरी-बिहारपुर मार्ग परिवहन करते हुए अम्बिकापुर की ओर जा रहें हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारिया को अवगत कराया गया है तथा अति. पुलिस अधीक्षक श्री निमेश बरैया द्वारा तत्काल टीम को अपने साथ लेकर विहारपुर के जंगल में घेराबन्दी कर अवैध शराब लेकर जा रही इनोवा वाहन को बड़ी मशक्त के साथ पकड़ा गया। एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाते हुये वाहन से कूद कर जंगल की ओर भाग गया दूसरे व्यक्ति को पकड़ का काबू में लिया गया। वाहन की तलाशी कि गई इनोवा वाहन अंग्रेजी शराब की पेटियों से भरा हुआ था जिसमें 34 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब पाया गया जिसकी किमत लगभग 2,30,000 रू है। इनोवा वाहन किमती लगभग 15 लाख रूपये का होना पया गया कुल जमुला 17 लाख तीस हजार रूपये का जप्त किया गया। एवं थाना खडगंवा क्षेत्र में जरिये मुखबीर सूचना मिली कि ग्राम घोघरा निवासी राजलाल गोंड अंग्रेजी शराब गोवा बिक्री हेतु ग्राम मुगुम में मंगवाता है और वही से बटवारा करता है कि सूचना पर थाना स्टाफ एवं गवाहों घेराबंदी किया गया जो ग्राम मुकुम सड़क पारा में संत राम के पाही वाले घर दिनांक 28.06.23 के रात्रि 04 बजे लगभग 35 पेटी अंग्रेजी शराब बिक्री हेतु गंगवाया था जहाँ से बटवारा करता था जिसे पकड़ा गया उसके साथ बालमुकुन्द व तेरस पाल साथ मिले जो बचरापोंडी क्षेत्र में विकी हेतु बटवारा करते थे जिनके कब्जे से 35 पेटी अंग्रेजी शराब बिकी गोवा किमती लगभग 02 लाख रूपये का जप्त किया गया वाहन चालक पुलिस को देखकर भाग गया। इनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रभावी कार्यवाही किया गया।

### उक्त कार्यवाही में मनेन्द्रगढ़ से

निरीक्षक अमित कश्यप, सउनि राकेश शर्मा, सउनि दिनेश चौहान, जुनस एक्सा, प्रिंस राय, पुष्कल सिन्हा, शम्भु यादव, सीन कुरेशी, रवि सिंह, प्रदीप, नीरज पडियार, राजकुमार सेन, दीपनारायण तिवारी, दिनेश यादव, संजय भगत, दुर्गा सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### उक्त कार्यवाही में खड़गंवा से

उप निरीक्षक विजय सिंह, सउनि रविन्द्र कुर्रे, सुखलाल खलखों, इस्ताक खान, रवि, आजाद, धमेन्द्र, अनिल यादव, जितेन्द्र, विनय महिला आरक्षक चन्द्रलेखा की सराहनीय भूमिका रही।

# केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते मनेन्द्रगढ़ दौरे पर पहुँचे,भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



-संवाददाता-

**मनेन्द्रगढ़ 28 जून 2023 (घटती-घटना)।** केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते मंगलवार को मनेन्द्रगढ़ दौरे पर पहुँचे, इस दौरान भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया, दूसरे दिन हसदेव क्षेत्र के विश्रामगृह में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर जम कर बोला हमला। उन्होंने कहा कि वह बाहर जाता है वहाँ से कुछ सीख के आता है. भारत की राजनीति कर रहे हो तो भारत मे सीखना चाहिये । महीने भर बाहर रह कर वहा सीखते हैं, मनेन्द्रगढ़ के दौरे पर आये केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए आदिवासी नेता नंदकुमार साय को लेकर बड़ा बयान देते हुये कहा कि नंदकुमार साय किन परिस्थितियों में कांग्रेस में शामिल हुए यह तो मुझे नहीं पता लेकिन उनकी आत्मा आज भी बीजेपी के साथ है। नंदकुमार साय की आत्मा इधर है भले उनका शरीर कांग्रेस के साथ में है, केंद्रीय इस्पात मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने छत्तीसगढ़ सरकार की गौठान योजना को लेकर बयान देते हुये कहा कि इस बारे में बहुत लोग शिकायत किये, गौठान सबसे बड़ा भ्रष्टाचार का अड्डा है मैं जितनी भी गौशाला में गया वहाँ एक भी गाय नही है मैं देखा हु वही बता रहा हूँ. इसके बारे में मुझे कोई बताया नही है. छत्तीसगढ़ में गौठान के नाम पर सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है. इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता लखन लाल श्रीवास्तव, राहुल सिंह, रामचरित द्विवेदी, सरजू यादव, विवेक अग्रवाल, महेंद्र प्रताप सिंह, अधि. आशीष सिंह, बंटी रैना, उपस्थित रहे।

# नहर निर्माण कार्य में लापरवाही तथा नहर से पानी नहीं मिलने को लेकर किसानों में आक्रोश

## चक्का जाम कर करेंगे उग्र आंदोलन

- मनोज कुमार -
लखनपुर,28 जून 2023
(घटती-घटना)।

राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों और ठेकेदार के द्वारा सड़क में गुजरने वाली पक्की नहर निर्माण कार्य धीमी गति से कार्य एवं लापरवाही पूर्वक करने के कारण कुंवरपुर जलाशय से किसानों को नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए मिलने वाली पानी समय से नहीं मिलने से हजारों किसान और हजारों हेक्टेयर भूमि धान के खेती से पिछड़ रहा है । किसानों के द्वारा एनएच के अधिकारियों सहित ठेकेदार के प्रति काफी आक्रोशित हैं और 7 दिवस के अंदर कार्य पूर्ण नहीं होने तथा कृषि कार्य हेतु पानी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अंबिकापुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग लखनपुर में किसानो के द्वारा चक्का जाम किया जाएगा और उग्र आंदोलन भी करने की चेतावनी दी गई है।

वही किसानों की हालत में सुधार के लिए केंद्र से लेकर राज्य शासन कई जन कल्याणकारी योजना लाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन अभी तक किसानों की स्थिति में बहुत अच्छा सुधार नहीं देखा जा रहा है ।

वही गौरतलब बात यह भी है कि मौसम की मार झेल रहे किसान इस वर्ष लगभग 10 दिन देरी से मानसून आने से भी धान की खेती में पिछड़ी हुई है ।





हजारों हेक्टेयर भूमि के लिए सिंचाई का पानी नहीं मिलने से प्रभावित धान की खेती में बिछड़ने से पैदावार में पड़ सकता है बुरा असर।

इस वर्ष राष्ट्रीय राजमार्ग के आला अधिकारियों और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ रहा है लखनपुर के किसानों को -

जिसका मुख्य कारण यह है कि रराष्ट्रीय राजमार्ग के अंबिकापुर बिलासपुर मार्ग में कुंवरपुर स्थित जलाशय का पानी सिंचाई के लिए नहर सड़क के मध्य से गुजरते हुए पूर्व में पक्की नहर बनाया गया था ।जिसको नए सिरे से राष्ट्रीय राजमार्ग के विभाग के द्वारा नहर सहपुलिया निर्माण कराया जा रहा है चुकी ठेकेदार के द्वारा नहर निर्माण काफी धीमी गति से कार्य प्रारंभ कराया गया जिसके के कारण एनएच और ठेकेदार की लापरवाही के कारण निर्माण कार्य अधूरा होने से कुंवरपुर जलाशय से समय पर किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण धान की खेती बिछड़ते जा रही है।

धान की नर्सरी करने में हो रही है देरी।

धान की खेती को लेकर लखनपुर क्षेत्र मे कुंवरपुर जलाशय के पानी से सिंचाई किया जाता है जिसमें क्षेत्र के हजारों किसानों को धान की खेती की जाती है जिससे उनका आर्थिक उत्थान भी हुआ है परंतु एनएच और जल संसाधन विभाग एवं ठेकेदार के लापरवाही के कारण अधूरा नहर निर्माण के वजह से धान बीज की नर्सरी करने के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिससे किसानों को धान की नर्सरी करने में काफी समय लगने की संभावना है।

एनएच और जल संसाधन सहित जिला प्रशासन के प्रति क्षेत्र के किसान आक्रोशित है 7 दिवस के अंदर जलाशय से सिंचाई के लिए पानी नहीं दिए जाने पर लखनपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग में चक्का जाम कर आंदोलन करने की चेतावनी।

लखनपुर किसान और कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपाशंकर गुप्ता के द्वारा इस सम्बंध में कहा कि एनएच के ई ई नितेश तिवारी और ठेकेदार की लापरवाही के कारण समय पर नहर का निर्माण नहीं कराया गया जिसके किसानों को समय पर पानी नहीं मिल रहा है और धान की नर्सरी करने में पीछे हो रहे हैं अगर 7 दिवस के अंदर अधूरे नहर निर्माण पूरा नहीं हो पाता है तो सारे किसान लखनपुर में चक्का जाम कर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

**कृपा शंकर गुप्ता**
**कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष**

इस संबंध पर लखनपुर किसान व भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने बताया कि अगर सात दिन के अंदर नहर का कार्य पूर्ण नहीं हुआ और किसानों को समय पर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराई गई तो एनएच में चक्का जाम कर उग्र आंदोलन की जावेगी।

**दिनेश साहू**
**किसान व भाजपा मंडल अध्यक्ष**

एनएच के ईई नितेश तिवारी से बात करने पर बताया गया कि 15 दिवस के अंदर नहर निर्माण कार्य पूरी हो जाएगी जल्द से जल्द किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिलाया जाएगा।

**नितेश तिवारी**
**एन एच ईई**

जल संसाधन के अतिरिक्त प्रभार ई ई अरुण मिश्रा से संबंध थे पूछे जाने पर बताया गया कि एनएच के आला अधिकारियों से चर्चा कर समस्या का निराकरण किया जाएगा।

**अरुण मिश्रा**
**जल संसाधन विभाग ईई**

# ठेकेदारी प्रथा से कृषि विभाग द्वारा कराया जा रहा स्टॉप डेम का निर्माण चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

» शासकीय भूमि के जगह पट्टे की भूमि में स्टॉप डेम निर्माण का लगा आरोप

» ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की सांठ-गांठ से अवैध उत्खनन कर बेचे जा रहे पत्थर

- मनोज कुमार -
लखनपुर,28 जून 2023
(घटती-घटना)।



सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम माजा आमटपानी में कृषि विभाग के द्वारा ठेकेदारी प्रथा से स्टॉप डेम का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। ठेकेदार के द्वारा विभागीय अधिकारियों से सांठगांठ कर स्टॉप डेम को कुआ नुमा बना दिया गया है। जिससे अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी हुई है। कृषि विभाग के सर्वेयर के मौजूदगी में नाबालिगों से भी स्टाफ डेम निर्माण कार्य में काम लिया जा रहा है। तथा गांव के मजदूरों को स्टॉप डेम निर्माण । ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के सरपंच सचिव के द्वारा शासकीय भूमि पर स्टॉप डेम निर्माण कार्य को लेकर प्रस्ताव दिया गया था। परंतु कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा पट्टे की भूमि पर स्टॉप डेम का निर्माण कार्य करा दिया गया है। तथा निर्माण कार्य के दौरान अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टरों के माध्यम से पत्थरों को बिक्री करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य में पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य को लेकर विभाग व ठेकेदार के द्वारा शासन को क्षति पहुंचाई गई है। वही भूमि स्वामियों का कहना है कि कलेक्टर से शिकायत की जाएगी। निर्माण कार्य के दौरान विभाग के द्वारा नागरिक सूचना पटल नहीं लगाया गया है। जिससे ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है कि कौन सी योजना तथा कितने राशि से निर्माण कार्य कराया जा रहा है।



### नाबालिग बच्चों से कराया जा रहा है कार्य

स्टॉप डेम निर्माण कार्य में कृषि विभाग के सर्वेयर मधुसूदन लाल धुर्वे की मौजूदगी में नाबालिग बालिकाओं से कार्य कराया जा रहा है जबकि गांव के कई श्रमिकों को इस निर्माण कार्य में रोजगार नहीं दिया गया।

### अवैध खनन से शासन को लाखों रुपए की क्षति

स्टॉप डेम निर्माण कार्य के दौरान पत्थरों का अवैध उत्खनन कर बिक्री किया जा रहा है। अवैध रूप से उत्खनन किए गए पत्थर को कृषि विभाग से कुन्त्रि के बड़ा मुड़ा में प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य में पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। जिससे शासन को लाखों रुपए की क्षति पहुंचाई गई है।

कृषि विभाग के सर्वेयर मधुसुधन लाल धुर्वे से नाबालिगों से कार्य कराए जाने तथा अवैध पत्थर उत्खनन को लेकर बात करने पर उन्होंने बात करने से साफ इनकार कर दिया।

**सर्वेयर**
**मधुसुधन लाल धुर्वे**

कृषि विभाग के सहायक संचालक पीएस दीवान से इस संबंध में बात करने पर उनके द्वारा बात करने से साफ इनकार किया गया।

**पीएस दीवान**
**कृषि विभाग डीडीओ**

ग्राम पंचायत माजा के सचिव कमल मझवार से इस संबंध में बात करने पर उनके द्वारा कहा गया कि लघु सिंचाई योजना के तहत शासकीय भूमि पर निर्माण कराए जाने के लिए प्रस्ताव दिया गया था। परंतु स्टॉप डेम को गुणवत्ता में निर्माण कार्य कुआ का रूप दे दीया गया। यहां पानी पीने आने वाले मवेशियों सहित ग्रामीणों के लिए अप्रिय घटना की आशंका बनी रहेगी। विभाग के द्वारा नागरिक सूचना पटल भी नहीं लगाया गया है।

**पंचायत सचिव**
**कमल मझवार**

# वाणिज्य कर विभाग सो रहा है कुंभकर्णी नींद में और इधर हो रही है करोड़ों रुपये राजस्व की चोरी



» पंचायतों में लगे कागजी फर्मो के बिल जाच के नाम पर कागजी कोरम पूरा

» लाखो रूपये का टर्न ओवर और टैक्स की हो रही है चोरी

- राजेन्द्र शर्मा -
खड़गवां,28 जून 2023
(घटती-घटना)।

लाखों रुपये का टर्नओवर करने वाली फर्म नियम के अनुसार कोई सटाक डिटेल लेजर कैशबुक संधारण नहीं कर रहा है जिले की लगभग ग्राम पंचायतों में निर्माण सामग्री के नाम पर कागजों में संचालित हो रही फर्मो का वाणिज्य कर विभाग में रजिस्ट्रेशन जिस सथान पर किया गया है वहां पर किसी प्रकार की कोई फर्म एवं दुकान संचालित नहीं है।

जिले का वाणिज्य कर विभाग के सुस्त रवैये से बीते विगत पांच सालों में शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व की क्षति पहुचाई जा रही है पंचायतों में फर्जी फर्मो से खरीदी दिखाकर जहां शासन को चूना लगाने में फर्म संचालको की पूरी मदद की है वहीं वाणिज्य कर विभाग द्वारा संभवतः उक्त फर्मो के सटाक डिटेल लेजर कैशबुक संधारण सहित अन्य दस्तावेजों की पडताल ही नहीं की जिले में एवं विकास खड खडगवा मे सैकड़ों ऐसी फर्मे संचालित है जिन्होंने एक बार जीएसटी नंबर लिया उसके बाद और लाखो रूपये की सपलाई पंचायत में कर दी मजे की बात तो यह है कि वाणिज्य कर विभाग मे उक्त फर्मो का रजिस्ट्रेशन निरस्त हो चुका है इसमे वाणिज्य कर विभाग के जिमेदारो को देखने का समय मिला और ना ही पंचायत एवं जनपद सहित जिले में बैठे जिमेदारो ने देखने की जरूरत नहीं समझी।

### करोड़ों रुपये की टैक्स की हुई चोरी

जिले एवं विकास खंड में सैकड़ों फर्म संचालक है जिन्होंने सिर्फ फर्मो का रजिस्ट्रेशन कराया जिसका धरातल पर कोई अतापता नहीं है। पिछ्ले 6 सालो मे ग्राम पंचायतों में फर्जी फर्मो से जमकर खरीदी की गई हैं कथित फर्मो ने जहां पंचायतों की खरीदी बिक्री की जाच कब हुई यह तो विभाग ही जानेगा लेकिन पंचायतों द्वारा खरीदी गई सामग्री और बिल का मिलान किया जाये तो पंचायत के माध्यम से बडे भ्रष्टाचार का भांडाफोड़ हो सकता है।

### टैक्स एवं जीएसटी का कोई जिक्र ही नहीं किया गया

इस दौरान पंचायतों में लगे बिल एवं बिलों के किए गए भुगतान के बिलो पर नजर डाले तो विभिन्न फर्मे संचालक ने इस दौरान कोई ऐसी समाग्री नहीं है जिसका बिल पंचायतों में सरपंच सचिवो के द्वारा अपने सगे संबधीओ के नाम से जीएसटी का नंबर करोड़ों रुपये का बिल पंचायतों में लगाए गए हैं।यह अलग बात है कि करोड़ों रुपये की बेची गई समाग्री का बिल लगाने वाले दुकानदार ने कही से खरीदी ही नहीं उसके बाद अपने खातो मे फर्जी भुगतान करा लिया गया है साथ ही निर्माण समाग्री कि खरीदी हुई बिलो से शासन को मिलने वाली जीएसटी टैक्स तक जमा नहीं किया गया है कईयो के जीएसटी नंबर बंद होने के बाद भी ग्राम पंचायतों मे लाखो रूपये के बिलो का उपयोग कर राशि आहरण कि जा रही है लेकिन वाणिज्य कर विभाग ने इस मामले में जाच करने की जरूरत ही नहीं समझी इस संबंध में जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि ऐसी फर्मो की जाच कर ऐसे फर्म संचालको द्वारा की गई जीएसटी की चोरी पर कार्य वाही हो जिससे आने वाले समय में कर चोरी पर रोक लग सके।

# महापौर राजकिशोर प्रसाद ने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर समस्याओं का किया निराकरण



- संवाददाता -
कोरबा,28 जून 2023
(घटती-घटना)।

महापौर राजकिशोर प्रसाद आज वार्ड क्र. 32 रिसदी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों का भ्रमण कर समस्याओं का निराकरण हेतु बस्तीवासियों से भेंट मुलाकात कर साफ-सफाई कार्य व बस्ती में पानी भराव की समस्या देखकर अधिकारियों से उनके निराकरण के निर्देश दिये। महापौर ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 32 के विभिन्न बस्तियों का भ्रमण किया। वार्ड पार्षद अजय गोंड़ ने महापौर श्री प्रसाद को बताया कि रिसदी चौक, बालको बाईपास मार्ग के मोड़ पर बरसाती पानी का भराव रहता है। जिसके निराकरण के लिए महापौर से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि रिसदी चौक में बरसाती पानी के भराव की निकासी हेतु कोई व्यवस्था नहीं होने की शिकायत कई बार निगम के अधिकारियों से की गई ढ्ढ

महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बरसाती पानी की वजह से नाले-नालियों में जाम व चौक-चौराहों में जल भराव हेतु सड़क किनारे कच्ची नाली बनाकर तत्काल समाधान हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सड़क के किनारे लोगों द्वारा अपने मकान बनाने के बाद आगे से मिट्टी भर दिये जाने की वजह से सड़क का लेबल नीचे हो गया है जिससे रोड में पानी जमाव की स्थिति बनी है, जिससे वार्डो की विभिन्न समस्याओं व शिकायतों के अनुसार उसके निराकरण करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिये ढ्ढ महापौर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री व कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह अग्रवाल द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि वार्डों में वार्डवासियों की छुट-पुट समस्याओं के निराकरण के लिए व उनकी शिकायत के पश्चात स्थल पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाये एवं नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं तथा सेवाओं को ध्यान में रखते हुए निर्वाध रूप से सुविधा उपलब्ध कराये। भ्रमण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य कृपाराम साहू, पार्षद अजय गोंड़, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, उप अभियंता विनोद गोंड़, राजेश यादव, अमित सिंह, मुन्ना साहू, रितेश साहू के साथ ही वार्डवासी उपस्थित थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा.प्र.क्र.021700035/अ-21/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स कोणार्क बिल्डर्स द्वारा भागीदार मनीष कुमार सिंह आ0 सुधाकर सिंह, निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम भगवानपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 201/2 में से 3130 वर्गमीटर भूमि अनावेदक मारिशा श्रीवास्तव पति शिव कुमार सिन्हा व अन्य 02 निवासी ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 को रू0 75,00,000/- (पचहत्तर लाख रू0 ) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र, कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17/06/2023 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-02

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202305020700218**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
सुन्दरपुर प.ह.न. 00026 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-रजमेन ,
अनावेदक पक्षकार- सियम्बर पिता बंगाली

**ईश्तहार**

आवेदक रजमेन पुत्री सियम्बर व अन्य, निवासी ग्राम सुन्दरपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुन्दरपुर, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 17 रकबा 1.486 हे0 एव खसरा नंबर 687 रकबा 0.910 हे0 भूमि को वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/07/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/06/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0.) अम्बिकापुर, जिला -सरगुजा, (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूथ मेरी एक्का आ0 फिलतुस खलखो जाति उरांव ग्राम/नगर लकड़ापारा गांधीनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 87/21 रकबा 0.032 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र,ले-आउट,रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/07/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा)अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0.) अम्बिकापुर, जिला -सरगुजा, (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामाकांत गुप्ता आ0 रामनारायण गुप्ता जाति सूड़ी ग्राम/नगर सरगंवा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सरगंवा तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 848/46 रकबा 0.024 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, अधिकार अभिलेख, रि-नम्बरींग सूची, पंचायत प्रस्ताव,ले-आउट,जिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/07/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा)अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0.) अम्बिकापुर, जिला -सरगुजा, (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमानंद तिग्गा आ0 इलियाजर तिग्गा जाति उरांव ग्राम/नगर गोधनपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सकालो तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 1436/2 रकबा 0.168 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेंट,पंचायत प्रस्ताव, रि-नम्बरींग सूची, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 13/07/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा)अम्बिकापुर

# इस साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी 20 श्रृंखला खेलेगा भारत

**डबलिन , 28 जून 2023।** भारत इस साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगा, आईसीसी ने इसकी घोषणा की। यह श्रृंखला जुलाई और अगस्त में भारत के वेस्टइंडीज के सभी प्रारूपों के दौरे के समापन के तुरंत बाद खेली जाएगी।तीनों मैच 18 से 23 अगस्त के बीच डबलिन के बाहरी इलाके मलाहाइड में आयोजित किए जाएंगे। क्रिकेट आयरलैंड के मुख्य कार्यकारी वॉरेन ड्यूट्रोम ने आईसीसी के हवाले से एक बयान में कहा, हम 12 महीनों में दूसरी बार भारतीय टीम का आयरलैंड में स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। हमारे यहां 2022 में दो मैच काफी सफल रहे थे, इसलिए इस साल तीन मैचों की श्रृंखला होने से हमारे प्रशंसकों को और भी मनोरंजक





मैच देखने का मिलेंगे।

उन्होंने आगे कहा, भारतीय टीम के व्यस्त कार्यक्रम में आयरलैंड को लगातार शामिल करने और साथ ही प्रशंसकों के अनुकूल कार्यक्रम सुनिश्चित करने के लिए बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को हमारा हार्दिक धन्यवाद। शुक्रवार और रविवार को मैचों का आयोजन करने के लिए उम्मीद है, क्योंकि इस दिन प्रशंसकों की उपलब्धता अधिकतम होगी।

आयरलैंड बनाम भारत टी-20 श्रृंखला के कार्यक्रम-

18 अगस्त: पहला टी20 मैच (मलाहाइड; प्रारंभ समय दोपहर 3 बजे)

20 अगस्त: दूसरा टी20 मैच (मलाहाइड; प्रारंभ समय दोपहर 3 बजे)

23 अगस्त: तीसरा टी20 मैच (मलाहाइड; प्रारंभ समय दोपहर 3 बजे)।

# आस्ट्रेलिया की तरह गहराई नहीं है इंग्लैंड टीम के पास: टिम पेन

**मेलबर्न, 28 जून 2023।** आस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन का मानना है कि मौजूदा एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड के पास आस्ट्रेलिया जैसी गहराई नहीं है और आस्ट्रेलियाई टीम मैच दर मैच निखरती जायेगी ।



पहले टेस्ट में दो विकेट से जीत दर्ज करके आस्ट्रेलिया पांच मैचों की श्रृंखला में 1 . 0 से आगे है ।

पेन ने 'सेन रेडियो' से कहा , पहले टेस्ट में आस्ट्रेलिया का प्रदर्शन औसत रहा । हमने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है । मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड टीम में आस्ट्रेलिया का सामना करने जैसी गहराई है । श्रृंखला से पहले उन्होंने कहा था कि वे कठोर और सपाट पिचें चाहते हैं । पहले टेस्ट में उन्हें मिली भी लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ ।'

उन्होंने कहा , इंग्लैंड टीम बहुत हद तक जो रूट पर निर्भर करती है । हरी भरी पिच पर उनका शीर्ष क्रम चल नहीं पाता । उनके बल्लेबाजों के लिये बड़ी मुश्किल होने वाली है ।

पेन ने कहा कि इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स आक्रामक खेलने में यकीन रखते हैं लेकिन मनोरंजन मार्का क्रिकेट से कई बार परेशानियां खड़ी हो जाती है ।

उन्होंने कहा , जब आपके पास एक जैसे कप्तान और कोच हों तो कई बार देखने में काफी मजा आता है । दोनों का अहम काफी बड़ा है और दोनों काफी आक्रामक है । लेकिन कई बार यह आक्रामकता फैसलों पर भारी पड़ जाती है । पहले टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने पारी की घोषणा में जल्दबाजी कर डाली ।

# एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप में भारत के आगे जापान ने टेके घुटने

## 62-17 से जीता मुकाबला

**जापान, 28 जून 2023।** एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2023 में भारतीय टीम ने धमाकेदार शुरुआत की है। बुधवार को जापान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भारत ने विपक्षी टीम को जबरदस्त तरीके से धूल चटाई है। इस मुकाबले में पहले हाफ में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और मुकाबले में अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया, जिसके आगे जापान की टीम कुछ खास कमाल नहीं कर सकी। इस मुकाबले में भारत ने जापान को 62-17 से मात दी है।

इस मुकाबले में भारतीय टीम ने काफी अच्छा खेल दिखाया। मुकाबले का पहला हाफ खत्म होने पर भारत का स्कोर 32 रहा था जबकि जापान महज 6 अंक पर था। भारतीय टीम ने पहले हाफ में ही 26 अंकों की बढ़त बनाई थी। भारतीय टीम की ये बढ़त आगे भी जारी रही। इस शानदार बढ़त को मजबूत बनाते हुए भारत ने अंत में 62-17 से ये मुकाबला अपने नाम कर लिया।





बता दें कि इस मुकाबले में भारतीय टीम के लिए पहला पॉइंट पवन सेहरावत ने बनाया। पवन के बाद मुकाबले में खिलाड़ियों ने लगातार अंक बटोरे और जापान को पछाड़ते गए। जापान ने पहला अंक उस समय हासिल किया जब भारत 18 अंक बना चुकी थी। इसके बाद दूसरे हाफ के दौरान भारतीय टीम ने शुरुआती पांच मिनट में ही पूरी जापान की टीम को ऑलआउट करने में सफलता हासिल की। इस दमदार प्रदर्शन की मदद से भारत की टीम 13वें मिनट में 50 के स्कोर तक पहुंची जबकि जापान सिर्फ 12 अंक पर सिमटा हुआ था।

मुकाबले के अंत में भारत 62 स्कोर पर थी जबकि जापान की टीम सिर्फ 17 अंक हासिल कर सकी। भारत ने 45 अंकों के बड़े अंतर से इस मुकाबले में कब्जा जमाया है। जापान ने पहले हाफ में 6 और दूसरे हाफ में 11 अंक बनाए है। वहीं भारत ने पहले हाफ में 32 और दूसरे मे 30 अंक बनाए। भारत के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पूरे मुकाबले में भारतीय टीम का ही दबदबा रहा।

## कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने पूछा


# मोहाली में कोई मैच क्यों नहीं

**चंडीगढ़ ,28 जून 2023।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बुधवार को बीसीसीआई से पूछा कि एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप के लिए मोहाली को आयोजन स्थल के रूप में क्यों नहीं चुना गया। एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप आगामी पांच अक्टूबर से शुरू होगा। आईसीसी और भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद से कुछ विपक्षी नेताओं ने कार्यक्रम में राजनीतिक हस्तक्षेप का संकेत दिया और आश्चर्य जताया कि अहमदाबाद को कई अन्य स्थानों की तुलना में बड़े मुकाबले वाले मैच क्यों मिल रहे हैं।



पंजाब की आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट से सांसद तिवारी ने राजीव शुक्ला, बीसीसीआई और आईसीसी को टैग करते हुए ट्वीट किया, विश्व कप के आयोजन स्थल के रूप में मोहाली को क्यों छोड़ दिया गया? पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हायर ने विश्वकप मुकाबले की मेजबानी करने वाले शहरों में मोहाली को शामिल नहीं किए जाने की निंदा की। उन्होंने दावा किया कि मेजबान शहरों का चयन राजनीति कारणों से प्रेरित है। उन्होंने विश्वकप के मैच के स्थल के लिये मोहाली को शामिल नहीं किए जाने को ÷पंजाब के खिलाफ खुला भेदभाव÷ करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पीसीए स्टेडियम-मोहाली के निर्माण के बाद यह पहली बार है कि विश्व कप भारत में आयोजित किया जा रहा है, इसके बावजूद शहर को किसी भी मैच के आयोजन स्थल के रूप में नहीं चुना गया है।

# भारत और कुवैत का मुकाबला हुआ ड्रॉ



**कुवैत,28 जून 2023।** सैफ चैंपियनशिप में भारत और कुवैत के मुकाबले में काफी रोमांच और हंगामा देखने को मिला। बेंगलुरु में दोनों टीमों के बीच खेला गया ये मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। भारतीय टीम का टूर्नामेंट में ये तीसरा मुकाबला था जो ड्रॉ की भेंट चढ़ गया। ये पूरा मुकाबला हाई वोल्टेज ड्रामे की भेंट चढ़ा, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों में कई बार भिड़ंत होती दिखी।

मुकाबले के पहले हाफ में ही खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस और नोक झोंक होते हुए दिखी। यहां भारत के आकाश मिश्रा और कुवैत के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए और दोनों में बहस हुई, जो कुछ समय बाद शांत हुई। इसके बाद दूसरे हाफ में कुवैत के खिलाड़ियों ने आक्रामक रुख अपनाते हुए खेल खेला और भारतीय खिलाड़ियों को लगातार परेशान करने का सिलसिला जारी रखा। कुवैत के खिलाड़ी हमाद अलकल्लाफ ने भारत के सहल समद को धक्का दिया और उन्हें नीचे गिरा दिया। भारत के रहीम अली ने हमाद अलकल्लाफ को नीचे गिराया, जिसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों में तीखी बहस हुई।

इस बहस के कारण रेफरी ने रहीम और हमाद अलकल्लाफ को रेड कार्ड दिखाया और दोनों को बाहर बैठना पड़ा। वहीं इस रेड कार्ड से भारतीय टीम को धक्का लगा है क्योंकि रहीम को सेमीफाइनल में खेलने का मौका नहीं मिलेगा।

### भारतीय कोच को मिला रेड कार्ड

इस मुकाबले में भारतीय टीम के खिलाड़ियों को ही नहीं बल्कि भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक को भी रेड कार्ड मिला। इससे पहले खेल में बाधा डालने के आरोप में उन्हें येलो कार्ड मिल चुका था, जिसके बाद कुवैत के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्हें रेड कार्ड मिला, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। ये दूसरा मौका है जब उन्हें रेड कार्ड मिला है, इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी उन्हें रेड कार्ड मिल चुका है। बता दें कि इस मैच में कोच अधिकारियों से बहस करते दिखे और 81वें मिनट में उन्हें लाल कार्ड दिखाया गया।

### ऐसा रहा था भारतीय टीम का मुकाबला

कप्तान सुनील छेत्री के उम्दा प्रदर्शन के बावजूद भारत को सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के आखिरी ग्रुप मैच में मंगलवार को कुवैत ने 1 . 1 से ड्रॉ पर रोक दिया। छेत्री ने पहले हाफ में इंजुरी टाइम में गोल करके भारत का खाता खोला लेकिन दूसरे हाफ में अतिरिक्त समय में अनवर अली के आत्मघाती गोल का खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा। नौ मैचों में भारत ने यह पहला गोल गंवाया था। भारत और कुवैत दोनों के सात अंक रहे लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर कुवैत शीर्ष पर रहा।

भारत का सामना सेमीफाइनल में लेबनान से होगा जबकि कुवैत की टक्कर बांग्लादेश या मालदीव से होगी। सेमीफाइनल के लिये पहले ही क्वालीफाई कर चुके भारत और कुवैत ने पहले ही क्षण से आक्रामक खेल दिखाया। भारत ने दोनों विंग से आक्रमण किया और छठे मिनट में गोल करने के करीब पहुंचा लेकिन आकाश मिश्रा के क्रास पर छेत्री गेंद पकड़ने में नाकाम रहे। भारत को 35वें मिनट में फिर मौका मिला लेकिन अनिरूद्ध थापा के कॉर्नर पर अनवर अली का हेडर निशाने पर नहीं लगा।

लगातार हमलों का फायदा भारत को इंजुरी टाइम में मिला जब थापा से पार लेकर छेत्री ने बेहतरीन गोल दागा। यह टूर्नामेंट में छेत्री का पांचवां और सैफ चैम्पियनशिप के कुल 26 मैचों में 24वां गोल था। भारत के रहीम अली और कुवैत के अल कल्लाफ को मैच के दौरान लाल कार्ड दिखाया गया।

## वेन्यू पर मचा बवाल

# बीसीसीआई ने कहा-नहीं हुआ पक्षपात

## सोच-विचार के बाद स्टेडियमों का चयन किया गया

**नई दिल्ली, 28 जून 2023।** भारत एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसके लिए 10 स्थान पूरे भारत से चुने गए हैं। अहमदाबाद के अलावा, अन्य मेजबान शहरों में बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, धर्मशाला, हैदराबाद, लखनऊ और पुणे शामिल हैं। 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा कार्यक्रम की घोषणा के बाद से, इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा स्थानों की पसंद को लेकर महत्वपूर्ण विवाद शुरू हो गया है।

### क्यों हो रहा विवाद

बीसीसीआई पर आरोप लग रहे हैं कि उसने स्टेडियम में चयन में पक्षपात किया किया है। सोशल मीडिया पर भी इसकी खूब चर्चा हो रही है। साथ ही साथ नेताओं के ओर से भी सवाल उठाए जा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि हैदराबाद स्टेडियम भारत का चौथा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है, जिसकी क्षमता 55 हजार है और यह शुष्क पठारी क्षेत्र में है, यहां बारिश की न्यूनतम संभावना है और कोई ओस कारक नहीं है, इसलिए मैच टॉस पर निर्भर नहीं होगा, मुझे लगता है कि यह मुंबई और अहमदाबाद से बेहतर है जहां ओस कारक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एन के लिखा कि भारत का पहला मैच हैदराबाद में नहीं देना बहुत अनुचित है, यहां तक कि सामान्य दिनों में भी टिकटों की ऊंची कीमतों के बावजूद टिकटें एक घंटे में बिक गई, हैदराबाद के प्रशंसक सबसे अधिक भावुक प्रशंसक थे, जय शाह और बीसीसीआई को यहां गंभीर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

### नेताओं ने भी उठाए सवाल

इसके अलावा मोहाली और जयपुर को भी मैच की मेजबानी नहीं मिली है। इसी को लेकर पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि राजनीति ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित किया होगा। उन्होंने इस बात पर निराशा जताई कि जिस स्टेडियम ने कई भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार दिए, उसे एक भी मैच नहीं मिला। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी विश्व कप मुकाबलों से तिरुवनंतपुरम के स्पोर्ट्सहब को बाहर किए जाने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने टिप्पणी की कि ऐसा लगता है कि अहमदाबाद देश की क्रिकेट राजधानी के रूप में प्रमुखता हासिल कर रहा है।

### बीसीसीआई का जवाब

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने खुलासा किया कि मोहाली का आईएस बिंद्रा स्टेडियम आईसीसी के मानकों पर खरा नहीं उतरता जबकि मुल्लांपुर स्टेडियम पर काम चल रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मोहाली का मौजूदा स्टेडियम आईसीसी के मानकों पर खरा नहीं उतरा और इसलिए उसे मैचों से वंचित कर दिया गया। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें मैच नहीं दिये जायेंगे। उन्हें द्विपक्षीय सीरीज के मैच दिए जाएंगे, यह रोटेशनल सिस्टम पर आधारित है। उन्होंने कहा कि कोई पिक एंड चूज़ नहीं किया गया है। आयोजन स्थलों को अंतिम रूप देने में आईसीसी की सहमति अहम है। त्रिवेन्द्रम में पहली बार वार्म-अप मैच की मेजबानी दी गई है। ऐसा नहीं है कि किसी भी केंद्र/क्षेत्र की अनदेखी की गयी हो। काफी सोच-विचार के बाद स्टेडियमों का चयन किया गया है ।

# बद्तमीज दिल में खूब जमी रिद्धि डोगरा की बरुण सोबती के साथ केमिस्ट्री





रिद्धि डोगरा की फिल्म लकड़बग्घा 30 जून को जी 5 पर रिलीज होने वाली है. इससे पहले उनकी दो वेब सीरीज, असुर 2 और बद्तमीज दिल को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं. एबीपी लाइव को दिए अपने एक्सक्लूजिव इंटरव्यू में रिद्धि डोगरा ने अपनी वेब सीरीज बद्तमीज दिल और फिल्म लकड़बग्घा को लेकर बात की.

अपनी हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज बद्तमीज दिल में बरुण सोबती के साथ अपनी केमिस्ट्री को लेकर जब एबीपी न्यूज ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा कि उन्हें अच्छा लग रहा है कि लोग उनकी और बरुण की केमिस्ट्री को पसंद कर रहे हैं. उन्होंने कहा- बरुण बहुत अच्छा एक्टर है, बहुत मजा आता है उसके साथ काम करने में ... मैं बहुत खुश होउंगी अगर मुझे उसके साथ और शोज करने का मौका मिले...उसके साथ बहुत कंफर्ट क्योंकि उसे मैं पर्सनली जानती हूं.... रिद्धि ने आगे लकड़बग्घा में अपने कैरेक्टर के बारे में भी बताया. उन्होंने कहा- लकड़बग्घा में मैं अक्षरा डिसूजा का कैरेक्टर प्ले कर रही हूं जो एक कॉप है और ये एक एनीमल विजिलेंटा की कहानी है तो एक कॉप जो सही और गलत के बीच... अक्षरा कहीं न कहीं वो कैरेक्टर हैं जो एक ग्रे एरिया में और वो इंवेस्टीगेशन कर रही हैं...वो केस को सॉल्व कर रही हैं... लेकिन बहुत सी चीजें उनके दिमाग में चल रही हैं जो उन्हें इफेक्ट करती हैं...

बता दें कि रिद्धि के पास इस साल 5 प्रोजेक्ट्स हैं जिनमें असुर 2 और बद्तमीज दिल शामिल हैं जो कि ओटीटी पर रिलीज की जा चुकी हैं. वहीं उनकी फिल्म लकड़बग्घा 30 जून को रिलीज होगी. इसके बाद वे शाहरुख खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म जवान में भी उनके साथ नजर आएंगी. यहीं नहीं वे टाइगर 3 में भी सलमान खान के साथ दिखाई देने वाली हैं.

# शॉर्ट के बटन खोलकर नेहा सिंह ने फ्लॉन्ट किया फिगर, इंटरनेट स्टार की हॉटनेस देख पानी-पानी हुए फैंस



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नेहा सिंह आए दिन अपनी बोल्ड और सेक्सी फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर इंटरनेट पर सनसनी मचा देती हैं। उनके हर एक पोस्ट का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। ये ही नहीं उनका हर एक फोटोज और वीडियोज आते ही इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में नेहा सिंह ने बेहद सिजलिंग और हॉट फोटोशूट करवाया है, जिसमें उनका फिगर देख लोग आहें भरते नजर आ रहे हैं। इंटरनेट सेंसेशन नेहा सिंह की तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल होने लगती हैं। उनकी हर एक तस्वीरों में हॉट लुक देखकर फैंस अक्सर अपने होश खो बैठते हैं। हाल ही में नेहा सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से फैंस के बीच हलचल मचा दी है। इन तस्वीरों में नेहा सिंह ने डेनिम शॉर्ट पहना हुआ है। साथ ही शॉर्ट्स के बटन को ओपन किया हुआ है। नेहा सिंह ने इसके साथ व्हाइट कलर की मोनोकनी पहन कर शॉर्ट्स से टकइन किया है। आप देख सकते हैं नेहा सिंह ने अपनी इन फोटोज में बिन ब्रा पहने हुए बेहद ही बोल्ड पोज देते हुए अपना फिगर फ्लॉन्ट किया है। बताते चलें कि नेहा सिंह जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हालांकि उनका ये बोल्ड अवतार उनके लिए कभी भारी भी पड़ जाता है। नेहा सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उन्हें 40 लाख से भी ज्यादा यूजर्स फॉलो करते हैं।

# एनटीआर जूनियर ने देवरा का एक और शेड्यूल किया पूरा





आरआरआर से धूम मचाने वाले एक्टर एनटीआर जूनियर ने अपनी अपकमिंग फिल्म देवरा का एक और शेड्यूल पूरा कर लिया है। यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा है और इसमें एक्शन सीक्वेंस केनी बेट्स और वीएफएक्स ब्रैड मिनिच द्वारा डिजाइन किए गए हैं।

टीम ने हैदराबाद में शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिसमें फिल्म के मुख्य कलाकारों से जुड़े रोमांचक एक्शन सीक्वेंस शामिल थे और यह दो सप्ताह तक चला।

देवरा के जरिए एनटीआर जूनियर ब्लॉकबस्टर हिट जनथा गैराज के फिल्म निर्माता कोराताला शिवा के साथ फिर से काम कर रहे हैं।

फिल्म में एनटीआर जूनियर के अलावा, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के निर्माताओं ने म्यूजिक कंपोजिशन, एडिटिंग और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के लिए इंडस्ट्री के दिग्गजों को शामिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एनटीआर आर्ट्स के हरि कृष्ण के और युवासुधा आर्ट्स के सुधाकर मिक्कीलिनेनी द्वारा निर्मित देवरा 5 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# टीएस सिंहदेव बनाए गए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री

**» दिल्ली में कांग्रेस की बैठक के बाद फैसला**

नई दिल्ली/रायपुर, 28 जून 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव प्रदेश के डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार देर शाम इसकी घोषणा की। इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के साथ बैठक के बाद टीएस सिंहदेव ने मीडिया से चर्चा में कहा था कि प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलने का अभी कोई सवाल नहीं है। सिंहदेव को डिप्टी सीएम बनाए जाने के बाद सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि हैं तैयार हम...महाराज साहब को उप मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं। हम बता दें कि राज्य गठन के बाद पहली बार किसी नेता को उप मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### चुनाव को लेकर बैठक में हुआ तय

इससे पहले दिल्ली में कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के साथ छत्तीसगढ़ के नेताओं की बैठक में विधानसभा के साथ-साथ लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन केसी वेणुगोपाल ने प्रदेश के नेताओं के साथ करीब तीन घंटे तक चुनावी तैयारियों को लेकर चर्चा की।

### कामकाज को लेकर चुनाव लड़ने का संकल्प

कांग्रेस के आला नेताओं की मानें तो बैठक में तय किया गया कि राज्य सरकार के कामकाज को लेकर चुनाव लड़ा जाएगा। वर्ष 2018 की तर्ज पर इस चुनाव में भी सामूहिक नेतृत्व रहेगा। साथ ही लोकसभा चुनाव में भूपेश सरकार के मंत्री और वरिष्ठ विधायकों को उम्मीदवार बनाया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 सीटें

बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा और प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के साथ हर संभाग के वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया था। प्रदेश में लोकसभा की 11 सीट है, जिसमें पिछले चुनाव में कांग्रेस की दो सीट पर जीत हुई थी।बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 20 साल बाद कांग्रेस को जीत मिली है, जबकि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में राज्य गठन के बाद हुए तीन चुनाव में कांग्रेस को दो बार 2009 और 2019 जीत मिली है। इसके अलावा महासमुंद और दुर्ग लोकसभा सीट में एक-एक बार कांग्रेस को जीत मिली है।

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष मरकाम ने कहा कि प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं द्वारा जनता और युवाओं के जीवन में आ रहे बदलावों तथा आगामी चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है।




### भाजपा की नकारात्मक राजनीति के खिलाफ लड़ेंगे : सैलजा

बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने करीब नौ मिनट तक मीडिया से चर्चा की और बैठक का ब्यौरा पेश किया। सैलजा ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को छत्तीसगढ़ की स्थिति के बारे में बताया गया है। कांग्रेस सरकार आगे क्या करने जा रहे है, उन सब बातों का विस्तार से विचार किया गया। सभी ने सकारात्मक रुख अपनाकर सुझाव दिए कि अगले चार महीनों में हम कैसे काम करेंगे। बैठक में सामाजिक, भौगोलिक स्थिति पर चर्चा हुई और सभी ने अपना योगदान देने का निर्णय लिया।

### सीएम ने दी फीडबैक की जानकारी

मुख्यमंत्री बघेल ने सरकार की योजनाओं और भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत मिले फीडबैक की जानकारी दी है। वहीं संगठन के कार्यक्रमों के बारे में प्रदेश अध्यक्ष मरकाम ने अपनी रिपोर्ट दी है। सैलजा ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने से जनता के बीच में सकारात्मक वातावरण है। इसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। छत्तीसगढ़ में सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा, जैसे हमने 2018 के विधानसभा चुनाव को लड़ा था। हम भाजपा की नकारात्मक राजनीति के खिलाफ लड़ेंगे। भाजपा का काम धार्मिक एजेंडा चलाना है, लेकिन हम उसे चलने नहीं देंगे। भाजपा ट्रैप कर फंसाने की कोशिश करती है, लेकिन झूठे और फालतू एजेंडों में कोई फंसने वाला नहीं है। जनता भाजपा और केंद्र सरकार की सच्चाई को जान चुकी है।

### वरिष्ठ नेताओं के साथ केंद्रीय नेताओं ने किया मंथन

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा के साथ ही छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष, डा. चरणदास महंत, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, मंत्री ताम्रध्वज साहू, टीएस सिंहदेव, मो. अकबर, कवासी लखमा, जय सिंह अग्रवाल, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू, सह-प्रभारी विजय जांगिड़, प्रभारी सचिव चंदन यादव और सप्तगिरी उल्का शामिल हुए।

### सीएम का चेहरा बदलने का सवाल नहीं : बोले थे सिंहदेव

उल्लेखनीय है कि इससे पहले सिंहदेव ने कहा कि था सर्वेक्षणों और मीडिया रिपोर्टों से हमें बहुत सकारात्मक रिपोर्ट मिल रही है। हमने पिछले साढ़े चार साल में जो किया है, उस पर चुनाव लड़ेंगे। 2018 में सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया, जिसका परिणाम बेहतर आया था। इस साल भी हम सामूहिक नेताओं के आधार चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि इसमें टीम को कोई भी लीड कर सकता है। कांग्रेस पार्टी स्वयं एक चेहरा है। मुख्यमंत्री का चेहरा बदलने का कोई सवाल ही नहीं है। यहां बता दें कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री के ढाई-ढाई साल की चर्चा थी। हालांकि कुछ दिनों पहले ही सिंहदेव ने कहा कि इस बार उनकी चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं है। इसके बाद देर रात उन्हें उपमुख्यमंत्री बना दिया गया।

## स्थानीय वाहनों से वसूली पर फूटा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का गुस्सा

**» पुलिस के सामने ही टोल प्लाजा में की जमकर तोड़फोड़**



रायपुर/दुर्ग,28 जून 2023(ए)। जिले में स्थानीय वाहनों से टोल वसूली को लेकर कांग्रेसियों का गुस्सा मंगलवार देर शाम फूट पड़ा। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नेहरू नगर बाइपास रोड स्थित टोल प्लाजा पर जमकर हंगामा और तोड़फोड़ की। कार्यकर्ताओं ने केबिन और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। साइन बोर्ड उखाड़कर फेंक दिया। इसके चलते दुर्ग-नागपुर हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब दो घंटे तक बवाल चलता रहा, लेकिन पुलिस खड़े होकर तमाशा देखती रही।

### मनोज चंद्राकर के नेतृत्व में प्रदर्शन करने पहुंचे थे कांग्रेसी

जानकारी के मुताबिक, नेहरू नगर और अंजोरा के बीच नेशनल हाईवे पर बने टोल प्लाजा पर स्थानीय सीजी-07 पासिंग वाले वाहनों से भी वसूली की जा रही है। इसे लेकर स्थानीय लोगों का विरोध है। कुछ दिन पहले इसी बात को लेकर भिलाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर से कर्मचारियों का विवाद भी हुआ था। उन्होंने टोल का विरोध किया, जिसके बाद बात बढ़ती चली गई और मारपीट तक हो गई थी। मंगलवार शाम को मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेसी और स्थानीय लोग टोल के विरोध में धरना देने के लिए पहुंचे थे।

### कर्मचारियों ने टैक्स को सही बताया तो भड़के लोग

भीड़ देखते हुए एएसपी शहर संजय ध्रुव भी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि धरना देने के दौरान कर्मचारियों ने वहां मौजूद लोगों से कहा कि, जो टोल टैक्स ले रहे हैं, वह बिल्कुल ठीक है। हम टैक्स लेते रहेंगे। ये सुनते ही कांग्रेसी और भड़क गए। जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। टोल प्लाजा बैरीकेटिंग के लिए रखी गई सामग्री, साइन बोर्ड को उखाड़ कर फेंक दिया। सीसीटीवी कैमरा, केबिन के कांच तोड़ दिए। अग्नशमन यंत्र को उठाकर फेंक दिया।

### पुलिस के सामने ही होती रही तोड़फोड़

यह सब पुलिस के सामने चलता रहा और वो खड़े होकर देखती रही। इस दौरान दोनों ही और गुजरने वाले छोटे से लेकर भारी वाहनों की लंबी कतारें लग गई। करीब दो घंटे से भी ज्यादा समय तक हंगामा और तोड़फोड़ चलती रही। हालांकि इसके बाद स्थानीय स्तर पर कुछ समय के लिए सीजी-07 पासिंग वाहनों को टोल फ्री कर दिया, लेकिन बुधवार सुबह से फिर उनसे टोल की वसूली की जा रही है। दूसरी ओर कांग्रेसियों ने टोल फ्री करने के लिए कंपनी को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है।

### रात में टैक्स फ्री, सुबह फिर वसूली

वहीं दुर्ग शहर एएसपी संजय ध्रुव ने बताया कि, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को समझाया गया है। टोल प्लाजा में कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की है। आकलन के बाद ही वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इधर बाफना टोल प्लाजा के मैनेजर एच कुंभकार ने बताया कि पिछले एक महीने से स्थानीय लोग और कांग्रेस के कार्यकर्ता स्थानीय वाहनों को टोल फ्री करने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर लगातार नेशनल हाइवे के अधिकारी और जिला प्रशासन को अवगत कराया गया था। फिर से जानकारी दी जाएगी।

## हाईकोर्ट ने खारिज की पूर्व मंत्री राजेश मूणत की याचिका

**» यूथ हब, ग्रीन कॉरीडोर, वेंडिंग जोन पर रोक लगाने लगाई थी याचिका**



रायपुर,28 जून 2023(ए)। हाईकोर्ट बिलासपुर ने रायपुर स्थित अनुपम गार्डन, राजकुमार कॉलेज के पास स्थित यूथ हब, ग्रीन कोरीडोर एवं वेंडिंग जोन पर रोक लगाने के लिए दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने दायर की थी।

ज्ञात हो कि मूणत ने याचिका में यह तर्क दिया था कि उक्त यूथ हब, ग्रीन कॉरीडोर डेव्हलपमेंट प्लान, 2011 ( रिवाईज्ड प्लान, 2021) के विरूद्ध है। हाईकोर्ट ने इस तथ्य का संज्ञान लेते हुए कि यूथ हब, ग्रीन कॉरीडोर का कार्य मई 2023 में पूर्ण हो चुका है, के आधार पर जनहित याचिका को खारिज कर दिया। रायपुर स्मार्ट सिटी एवं छत्तीसगढ़ शासन की ओर से इस मामले की पैरवी महाधिवक्ता सतीश चन्द वर्मा एवं अधिवक्ता अनिमेश तिवारी द्वारा पैरवी की गई। मूणत ने इस मामले पर कहा कि जब विरोध शुरू हुआ तब खेल और उच्च शिक्षा विभाग ने निगम और स्मार्ट सिटी को जमीन ट्रांसफर नहीं की थी। 6 महीने से अवैध चौपाटी निर्माण के खिलाफ लड़ाई जारी है। सरकार भी चौपाटी का निर्माण जारी रखने में अड़ी हुई है। मूणत ने आगे कहा कि हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जहां तक लड़ाई लड़नी होगी जरूर मैं लड़ूंगा।

## महानदी का जलस्तर बढ़ते ही कई गांवों से संपर्क टूटा



रायपुर,28 जून 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में हो रही झमाझम बारिश से महानदी उफान पर है। इसके चलते पलारी का कई इलाकों के गांवों से संपर्क भंग हो गया है।

सूत्रों ने बताया कि महानदी में जलस्तर बढ़ने से पलारी से महासमुंद, कसडोल, सिरपुर, तुरतुरिया जैसे क्षेत्र के कई गांवों से संपर्क कट गया है। महानदी में जलस्तर बढ़ते ही जिला प्रशासन भी मुस्तैद हो गया है और राहत आपदा प्रबंधन विभाग को भी अलर्अ मोड पर रखा गया है। नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्पलाईन नंबर भी शुरू कर दिया गया है। नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर आपदा नियंत्रण कक्ष भी बना दिया गया है। नागरिक हेल्पलाईन नंबर 0772-223697 पर संपर्क कर मदद प्राप्त कर सकते हैं। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन सक्रिय रहेगा। इसके अलावा संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे को नोडल अधिकारी बनाया गया है।




## सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगा विपक्ष

### गर्म रहेगा विधानसभा का मानसून सत्र

रायपुर,28 जून 2023(ए)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में विपक्ष ने राज्य सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से अविश्वास प्रस्ताव लाने पर निर्णय लिया गया। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के निवास पर आयोजित बैठक में भाजपा विधायक दल ने निर्णय लिया कि मानसून सत्र के हर दिन भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राज्य सरकार पर हमलावर रहेगी। जिन मुद्दों को लेकर अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा, उसमें पीएससी घोटाला, शराब घोटाला, रेत घोटाला, राशन घोटाला, गोठान घोटाला आदि शामिल रहेगा।

## प्रवर्तन निदेशालय के नाम पर हो रही है ठगी

**» 50 लाख दो और ईडी से छुटकारा पाओ!**

**» ठगों ने 12 अधिकारियों से ऐंठे लाखों रुपये, पुलिस ने दबोचा**



रायपुर,28 जून 2023(ए)। प्रवर्तन निदेशालय से बचाने का झांसा देकर आबकारी विभाग के करीब 12 अफसरों से लाखों रुपये वसूलने वाले दो ठगों को पुलिस ने अमरावती (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया है. बता दें कि कथित तौर पर दो हजार करोड़ की शराब गड़बड़ी की जांच कर रहे ईडी की कार्रवाई से बचाने का झांसा देकर अफसरों से वसूली की गई थी. जब आबकारी अफसरों को ईडी अपने दफ्तर बुला रही थी, तब ये दोनों सक्रिय हुए थे. इसके बाद कई अफसरों को अपने झांसे में लेकर वसूली कर ली।

जानकारी के मुताबिक श्वष्ठ की कार्रवाई से बचाने और कथित तौर पर डायरेक्टर से मुलाकात करवाने का झांसा देकर ठगों ने कुछ अफसरों से 50-50 लाख रुपये में सौदा किया था. एडवांस के तौर पर पांच-पांच लाख रुपये वसूले गए थे.

### आबकारी अपर आयुक्त ने थाने में की शिकायत

राखी थाने में आबकारी अपर आयुक्त राकेश मंडावी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी. उन्होंने शिकायत में बताया कि अमरावती के अश्वनी भाटिया और उसके साथी ने खुद को महाराष्ट्र का लाइजनर बताया. अफसरों से दावा किया उनकी ईडी के डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों से पहचान है. राज्य में आबकारी गड़गड़ी की जो जांच चल रही है, उसमें कार्रवाई से बचा सकते हैं. कुछ लोगों ने झांसे में आकर लगभग पांच-पांच लाख रुपये बतौर एडवांस दे दिए. बताया जा रहा है कि आरोपी और पैसे की मांग कर रहे थे. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और छल-कपट का केस दर्ज किया है।

गिरोह ने आबकारी भवन के अधिकारियों के अलावा कई जिला आबकारी अधिकारी और उपायुक्त से संपर्क किया. कुछ लोग ठगों के झांसे में आ गए. उनसे मिलने महाराष्ट्र भी गए और पैसा भी दे आए. पुलिस को अंदेशा है कि अलग-अलग राज्यों में ईडी की कार्रवाई चल रही है, ये आरोपित वहां भी सक्रिय रहे हैं. कई लोगों से रकम वसूली की है।

## अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत से मचा हंगामा

**» गुस्साए परिजनों ने जमकर किया हंगामा,**

**» अस्पताल में की तोड़फोड़,जांच टीम गठित**




रायपुर,28 जून 2023(ए)। छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत पर हंगामा हो गया। महिला की मौत से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ कर दी। परिजनों ने डॉक्टर और नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाया है। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से समझाकर शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने जांच टीम गठित कर दी है। वहीं नवजात को भी सरकारी अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।

### बच्चे के जन्म के बाद बिगड़ी मां की तबीयत

जानकारी के मुताबिक, शहर के एमजी वार्ड निवासी नरगिस बानो (24) को मंगलवार शाम करीब 5 बजे प्रसव पीड़ा होने पर सिद्धांत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात करीब 3 बजे महिला को प्रसव पीड़ा होने पर डॉक्टर अरविंद वनकर को बुलाया गया। महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। इसके कुछ देर बाद ही महिला की तबीयत बिगड़ने लगी और उसने दम तोड़ दिया। परिजनों को जैसे ही महिला की मौत का पता चला उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की गई। डॉक्टरों से भी धक्का-मुक्की हुई।

### बच्चे को सरकारी अस्पताल में शिफ्ट किया गया

हंगामा होते देख अस्पताल स्टाफ ने मामले की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पहुंचकर मामला शांत कराया।

## एसकेएस इस्पात एंड पावर की 517 करोड़ की संपत्ति जब्त

रायपुर,28 जून 2023(ए)। प्रवर्तन निदेशालय ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में भूमि, भवन, संयंत्र और मशीनरी के रूप में 'मैसर्स एसकेएस इस्पात एंड पावर लिमिटेड'



की 517.81 करोड़ रुपए की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की है। मेसर्स सेथर लिमिटेड के 895.45 करोड़ बैंक घोटाले में यह कार्रवाई की गई है।

## जोगी कांग्रेस ने किया किसी भी दल के साथ विलय से इंकार

**» सामान विचारधारा के दलों के साथ गठबंधन के रास्ते है खुले:जेसीसीजे**

**» जोगी कांग्रेस चुनावी मोड में,18 जुलाई को करेगी विधानसभा घेराव**

सोनू कुमार

रायपुर 28 जून 2023 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ राज्य की एक मात्र क्षेत्रिय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की कोर कमिटि की महत्वपूर्ण बैठक आज सिविल लाईन स्थित अनुग्रह सागौन बंगले में पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त तिलक राम देवांगन की अध्यक्षता एवं पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी की उपस्थिति में संपन्न हुई । जिसमें कोर कमिटी ने सर्व सम्मति से जोगी कांग्रेस का किसी भी दल के साथ विलय करने के प्रस्ताव आने पर उस पर विचार नहीं करते हुए आवश्यकता पड़ने पर समान विचारधारा के दलों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव 2023-24 लड़ने पर सहमति बनाई गई। इस दौरान प्रदेश के जनता की समस्याओं एवं कांग्रेस की वादाखिलाफी को लेकर आगामी मानसूत्र सत्र के पहले दिन दिनांक 18 जुलाई 2024 को विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया गया । जिसमें प्रदेश भर से हजारों की संख्या में बुथ स्तर के जोगी कांग्रेसी शामिल होंगे। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता तिलकराम देवांगन ने कहा पार्टी के संस्थापक राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी जी का छत्तीसगढ़िया वाद, पार्टी की नीति-सिंद्धात और पार्टी का चुनाव चिन्ह हल चलाता किसान हमारे लिए सर्वोपरि है, हमारे सामने समान विचारधारा के दलो के साथ गठबंधन के रास्ते हमेशा खुले हुए है पर हमारी पार्टी का विलय किसी भी कीमत में किसी भी दल के साथ नहीं हो सकता। पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ से छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई है, जोगी कांग्रेस छत्तीस गढ़ियो की पार्टी है। जोगी ने हमेशा छत्तीसगढ़ियो के हक अधिकार की लड़ाई लड़ी है, आगे भी लड़ते रहेंगे और छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ियों की सरकार बनाकर रहेंगे।



आज जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की कोर कमिटी की बैठक में प्रमुख रूप से श्री तिलकराम देवांगन,पार्टी अध्यक्ष श्री अमित जोगी, महामंत्री श्री महेश देवांगन, श्री जनरैल सिंह भाटिया, श्रीमती ऋचा जोगी, गीतांजली पटेल, संतोष गुप्ता, डॉ अमीन खान, मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू, छात्र संगठन प्रदेश अध्यक्ष रविचंद्रवंशी, बस्तर अध्यक्ष नवनीत चांद, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भरत कश्यप, राजनांदगांव शहर अध्यक्ष शमसुल आलम आदि उपस्थित थे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)